


TITLE CODE :-DELHIN29015

# राजनीतिक दांव

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से प्रकाशित

जीत सत्य की...

TITLE CODE DELHIN29015

नई दिल्ली
बुधवार
27 अप्रैल, 2022
वर्ष-01
अंक-03




मुख्यमंत्रियों से बैठक में बोले पीएम नरेंद्र मोदी

## सावधान रहें ! नए वैरिएंट बिगाड़ सकते हैं हालात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले दो हफ्तों में कुछ राज्यों में जिस प्रकार से कोविड-19 संक्रमण के मामले बढ़े हैं। उससे स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है, लिहाजा देशवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों, केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपालों और प्रशासकों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कोरोना महामारी की ताजा स्थिति की समीक्षा के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से पिछले दो हफ्तों में कुछ राज्यों में मामले बढ़े हैं उससे ये स्पष्ट है कि कोरोना की चुनौती अभी पूरी तरह टली नहीं है। ओमीक्रोन और उसके सब वैरिएंट्स किस तरह गम्भीर परिस्थिति पैदा कर सकते हैं, यह यूरोप के देशों में हम देख सकते हैं।'




प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कुछ देशों में कोरोना के विभिन्न स्वरूपों की वजह से कुछ लहरें भी आई, लेकिन भारत ने कई देशों की तुलना में हालात पर काफी बेहतर नियंत्रण रखा है। उन्होंने कहा, 'इन सब के बावजूद पिछले दो हफ्ते से जिस तरह से कुछ राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं, उससे हमें सतर्क रहना है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भारत में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 2,927 नए मामले आए। इसके साथ ही देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,30,65,496 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में संक्रमण से 32 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,23,654 हो गई है। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 16,279 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक संक्रमण की दैनिक दर 0.58 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 0.59 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 188.19 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी है।

## मई में ही 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मई महीने में ईद-उल-फितर, बुद्ध पूर्णिमा और भगवान श्री परशुराम जयंती के कारण करीब 11 दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी। इन छुट्टियों में वीकेंड भी शामिल हैं। छुट्टी का कैलेंडर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी किया है। उसके मुताबिक बैंक की छुट्टियां राज्य के आधार पर अलग-अलग होती हैं और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अधिसूचित की जाती हैं। दूसरे और चौथे शनिवार को भी अवकाश के रूप में नामित किया गया है। इनमें 4 हॉलिडे त्योअहारों पर और बाकी रविवार-शनिवार के हैं। बैंकों से संबंधित कामकाज निपटाने के लिए हॉलिडे की तारीख का पहले से पता होना जरूरी है।




इन दिनों में पड़ेगी छुट्टी

1 मई-रविवार

2 मई-रमजान-ईद (ईद-यूआई-फित्रा) (सोमवार): केरल में बैंक बंद रहेंगे।

3 मई-भगवान श्री परशुराम जयंती/रमजान-ईद (ईद-यूआई-फित्रा)/बसवा जयंती/अक्षय तृतीया (मंगलवार): केरल को छोड़कर पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे।

8 मई-रविवार

9 मई-रवींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिन (सोमवार): बंगाल में बैंक बंद रहेंगे।

14 और 15 मई - शनिवार और रविवार।

16 मई- बुद्ध पूर्णिमा (सोमवार): त्रिपुरा, बेलापुर, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, नई दिल्ली में बैंक बंद रहेंगे।

22 मई- रविवार

28 मई - शनिवार

29 मई - रविवार

इसके बाद के महीनों में भी बैंकों में हॉलिडे पड़ेगा। मसलन, वीकेंड को छोड़ दें तो जून में 14 जून को संत गुरु कबीर जयंती पर छुट्टी रहेगी। वहीं जुलाई में 10 जुलाई को बकरीद है, उस दिन की छुट्टी रहेगी। बैंक भी बंद रहेंगे। 9 अगस्त को मुहर्रम के मौके पर बैंकों में छुट्टी होगी। 12 अगस्त को रक्षाबंधन, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को पारसी न्यू ईयर, 19 अगस्त को जन्माष्टमी और 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी के मौके पर बैंकों में अलग-अलग राज्योंन में छुट्टी होगी।

## तमिलनाडु में रथयात्रा के दौरान करंट लगने से 11 लोगों की मौत

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने जताया दुख

**तंजावुर/नई दिल्ली।** तमिलनाडु के तंजावुर जिले में एक मंदिर द्वारा आयोजित रथयात्रा के दौरान करंट लगने से 11 लोगों की मौत हो गयी। ये लोग एक ह्यहाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन' के संपर्क में आ गए थे। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मृतकों में आठ पुरुष और तीन किशोर शामिल हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि, मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मृतकों के प्रति शोक व्यक्ति किया है। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, ''तंजावुर में एक शोभायात्रा में बिजली का करंट लगने से बच्चों सहित लोगों की मौत एक ऐसी त्रासदी है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।''

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, ''तमिलनाडु के तंजावुर में हुई दुर्घटना से गहरा दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएंगे।'' पीएमओ ने एक और ट्वीट किया, ''तमिलनाडु के तंजावुर में हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो-दो लाख जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये दिये जाएंगे।'' मुख्यमंत्री स्टालिन ने मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए 11 शोक संतप्त परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने का आदेश दिया है।



यह दुखद घटना बुधवार तड़के कलीमेदु के समीप हुई जब अप्पार मंदिर की रथयात्रा निकाली जा रही थी। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रथ को मोड़ा जा रहा था और इस दौरान वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के एक तार के संपर्क में आ गया,जिससे रथ में मौजूद लोगों को करंट लग गया। उन्होंने बताया कि करंट लगने से लोग इधर-उधर गिर गए और रथ पूरी तरह जल गया। एक महिला समेत कुल 17 घायलों को इलाज के लिये तंजावुर राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा में,घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह आज तंजावुर जिले के गांव का दौरा करके पीड़ितों के परिजनों से मिलेंगे।

## पीएम स्वनिधि योजना के दिसंबर 2024 तक विस्तार को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने बुधवार को मार्च 2022 से दिसंबर 2024 तक प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के तहत ऋण को जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को किफायती संपार्श्विक-मुक्त ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे स्ट्रीट वेंडरों को अपने व्यवसाय का और विस्तार करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यशील पूंजी प्रदान की जाती है। इस योजना में 5,000 करोड़ रुपये तक के ऋण देने की परिकल्पना की गई थी। आज की मंजूरी ने ऋण राशि को बढ़ाकर 8,100 करोड़ रुपये कर दिया है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रीट वेंडर्स को कैशबैक को भी बढ़ाया गया है। इस मंजूरी से शहरी भारत के लगभग 1.2 करोड़ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है। पीएम स्वनिधि के तहत महत्वपूर्ण उपलब्धियां पहले ही हासिल की जा चुकी हैं। इस वर्ष 25 अप्रैल तक 31.9 लाख ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं और 29.6 लाख ऋण की राशि के तौर पर 2,931 करोड़ का वितरण किया जा चुका है।




### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 820 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का फैसला

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) में 820 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का फैसला किया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए 820 करोड़ रुपये के अतिरिक्त वित्त पोषण के साथ इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना पर संशोधित लागत अनुमान को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में आधे से ज्यादा खाते महिलाओं के हैं।

### खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों पर 60,939 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को खरीफ सीजन के लिए अप्रैल से सितंबर तक फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दी है। पिछले वर्ष की तुलना में प्रति बैग सब्सिडी में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन (01.04.2022 से 30.09.2022 तक) के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने इसके लिए 60938.23 करोड़ की सब्सिडी को मंजूरी प्रदान की है।

### 540 मेगावाट की क्वार हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 540 मेगावाट की क्वार हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना को मंजूरी प्रदान की। परियोजना से 197.5 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा और इसे 54 महीनों में कमीशन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि परियोजना के लिए 4526.12 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चेनाब नदी पर बनेगी। परियोजना को चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड तैयार करेगी। परियोजना से 197.55 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। परियोजना को 54 महीनों में कमीशन किया जाएगा। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर 2700 लोगों को रोजगार मिलेगा।

## भारत और मालदीव के बीच संसदीय मैत्री समूह का गठन होगा

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि भारत और मालदीव के बीच संसदीय कूटनीति को और बढ़ाने तथा संसदों के शिष्टमंडलों के दौरों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच जल्द ही द्विपक्षीय संसदीय मैत्री समूह का गठन किया जाएगा।

श्री बिरला ने यहां अपने निवास पर मालदीव संसद (मजलिस) के अध्यक्ष श्री मोहम्मद नशीद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। श्री नशीद के पर पिछले साल हुए हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमला कायरतापूर्ण था और भारतीय संसद सहित देश की समस्त जनता के लिए चिंता का विषय था। उन्होंने प्रसन्नत्ता व्यक्त की कि श्री नशीद अब पूर्णतः स्वस्थ हैं।

इस अवसर पर श्री बिरला ने भारत एवं मालदीव की संसदों के बीच डिजिटलीकरण, आर्काइविंग और विधायी ड्राफ्टिंग के क्षेत्रों में और अधिक सहयोग पर संसदीय सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन के सफल कार्यान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे कदमों से मालदीव की संसदीय संस्थाओं की क्षमता निर्माण में मदद मिल रही है।

मालदीव के सांसदों और अधिकारियों के क्षमता निर्माण के विषय में श्री बिरला ने कहा कि भारतीय संसद के प्रशिक्षण संस्थान प्राईड की ओर से 2020 में मजलिस के अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था उन्होंने कहा कि मालदीव के सांसदों और अधिकारियों की आवश्यकता के अनुसार इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बदलाव किया जा सकता है।



दोनों देशों के बीच संसदीय कूटनीति को और बढ़ाने तथा संसदों के शिष्टमंडलों के दौरों को बढ़ावा देने के लिए श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत तथा मालदीव के बीच द्विपक्षीय संसदीय मैत्री समूह का गठन किया जाएगा। श्री बिरला ने संसदीय राजनय तथा निकटम सम्बन्धो के सन्दर्भ में दोनों देशों की संसदों के बीच विचार विनिमय एवं सहयोग के सशक्तिकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने 2022-23 में मालदीव मजलिस की विदेश संबंध समिति तथा मजलिस की पार्लियामेंट्री एकांउट कमिटी को द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय महत्व के विषयों पर विचार करने के लिए भारत आमंत्रित किया।

श्री बिरला ने कहा कि भारत और मालदीव लोकतान्त्रिक शासन पद्धति में आस्था रखते हैं और लोकतान्त्रिक देशों की संसदों के बीच नियमित संवाद लोकतंत्र को सशक्त करने तथा लोकतान्त्रिक संस्थाओं के प्रभावी कार्यकरण में सहायक है। उन्होंने श्री नशीद को अवगत कराया कि भारतीय संसद चर्चा एवं संवाद का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और संसद के हाल के सत्रों में जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 जैसे अनेक वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई जिनका सीधा सरोकार सामान्य जनता से होता है।

श्री बिरला ने निमार्णाधीन नए संसद भवन के विषय में जानकारी दी कि नए संसद भवन का निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा कर लिया जाएगा तथा वर्ष के अंत में होने वाला संसद का शीतकालीन सत्र इस नए भवन में आयोजित किया जाएगा।

## पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों का पालन करे मीडिया : उपराष्ट्रपति

**नेल्लोर।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने बुधवार को मीडिया से पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों का पालन करने और समाचारों की कवरेज में जवाबदेह होने का आह्वान किया। उन्होंने खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने और उन्हें सनसनीखेज बनाने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनता को गलत सूचना देने के समान है।




नायडू ने कहा कि कई बार इस तरह की गलत सूचना घबराहट पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि सच्चाई के नजदीक रहें और सनसनी से दूर रहें। नायडू ने नेल्लोर में ऑल इंडिया रेडियो एफएम स्टेशन में 10 किलोवाट एफएम संचालन के लिए 100 मीटर ऊंची टॉवर का उद्घाटन किया। आकाशवाणी स्टूडियो पहुंचने के बाद नायडू ने लाइव प्रसारण के माध्यम से अपना विशेष संबोधन दिया और एफएम टावर नेल्लोर के लोगों को समर्पित की। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि जब वे सूचना एवं प्रसारण मंत्री थे तब उन्होंने जिस स्टेशन की नींव रखी थी वह आज कार्यरत है।

नायडू ने इस बात पर जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की आजादी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया विभिन्न मुद्दों के बारे में लोगों को शिक्षित करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बारे में उन्होंने राष्ट्रीय विकास में प्रसारण मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

उपराष्ट्रपति ने डिजिटल युग में मीडिया की व्यापक पहुंच को देखते हुए मीडिया को समाज की वास्तविकताओं का उल्लेख करने और पत्रकारिता के प्रमुख सिद्धांतों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहने का परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया के लिए आत्मनिरीक्षण और आत्म-नियंत्रण करने की जरूरत है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि लोगों को ऐसे मीडिया संगठनों को प्रोत्साहित करना चाहिए जो ईमानदार और नैतिक पत्रकारिता का अनुपालन करते हों। सोशल मीडिया के उदय का जिक्र करते हुए उन्होंने फेक न्यूज की घटनाओं के बारे में चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोगों को गैर सत्यापित और निराधार जानकारी दूसरों को नहीं देनी चाहिए।

# तीन मई को ईद और अक्षय तृतीया पर अधिकारी अतिरिक्त संवेदनशीलता बरतें : सीएम योगी



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंडल एवं जिलों में तैनात अधिकारियों को राज्य में विभिन्न त्योहारों पर धार्मिक सौहार्द्र की मिसाल कायम करने का श्रेय स्थानीय प्रशासन को देते हुए आगामी तीन मई को ईद और अक्षय तृतीया पर्व एक साथ होने के मद्देनजर इस दिन सभी अधिकारियों से विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिये हैं।

योगी ने बुधवार को मंडल, जनपद, तहसील और ब्लॉक स्तर पर तैनात अधिकारियों के साथ देर रात तक चली वर्चुअल बैठक में ये निर्देश देते हुए कहा कि विगत दिनों रामनवमी के पर्व पर जिस प्रकार शांति और सौहार्द्र का माहौल रहा, वह नए उत्तर प्रदेश की पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि यद्यपि कुछ अराजक तत्वों एवं संगठनों ने हनुमत जयंती पर कुछ गड़बड़ी करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें यथोचित जवाब दे दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था एवं विकास तथा जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा के लिये आहूत इस बैठक में कहा कि आस्था का पूरा सम्मान है, इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। लेकिन इसका सार्वजनिक रूप से भौंडा प्रदर्शन कर दूसरों को परेशान किया जाए, यह स्वीकार्य नहीं है। योगी ने इस बाबत निर्देश दिया कि आगामी 03 मई को अक्षय तृतीया और ईद का पर्व एक साथ संभावित है। ऐसे में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की अतिरिक्त संवेदनशीलता अपेक्षित है। इस अवसर पर यथावश्यक साफ-सफाई कराई जाए।

योगी ने कहा कि आम जनता को शासन की नीतियों का समुचित लाभ दिलाने, प्रदेश के समग्र विकास और प्रदेश की छवि बदलने में फील्ड में तैनात अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा, ह्विगत 05 वर्षों में हमने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। हमें एक बीमारू प्रदेश मिला था, स्थिति बिगड़ी हुई थी, अराजकता थी, दंगों की संस्कृति थी। टीम यूपी ने लगातार प्रयास कर एक नई कार्यसंस्कृति को तैयार किया। हमने साबित किया कि उत्तर प्रदेश दंगामुक्त हो सकता है। साम्प्रदायिक सौहार्द का उदाहरण बन सकता है। यह बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाये जाने के मसले पर योगी ने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का बड़ा महत्व है। उन्होंन कहा, संवाद के माध्यम से ही हमने अनावश्यक रूप से लगाये गए लाउडस्पीकर को हटाने में सफलता पाई है। लाउडस्पीकर की आवाज संबंधित परिसर के भीतर ही रहेगी, सौहार्द के साथ हमने यह करके उदाहरण प्रस्तुत किया है। ऐसे में सभी धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्ध जनों से संवाद बनाने का क्रम जारी रहे।

उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर के प्रयोग के लिए जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। अनावश्यक रूप से लगाये गए लाउडस्पीकर तत्काल उतार लिए जाएं। यह सुनिश्चित हो कि लाउडस्पीकर की आवाज उस परिसर से बाहर न आए। अन्य लोगों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। नए स्थलों पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति न दें।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम विकास अधिकारी और बीडीओ से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, थानाध्यक्ष अथवा सीओ आदि, सभी अपनी तैनाती के क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम करें। शासकीय आवास है तो वहां रहें अथवा किराए का आवास लें, लेकिन रात्रि में अपने ही क्षेत्र में रहें। इस व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में माह के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन करने का निर्देश देते हुए कहा कि दूसरे व चौथे शनिवार को थाना दिवस एवं ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना दिवस का आयोजन थाने पर तथा ब्लॉक दिवस का आयोजन ब्लॉक कार्यालय पर किया जाए। ब्लॉक दिवस पर समस्त संबंधित अधिकारी स्वयं उपस्थित रहकर विकास खंड से जुड़े प्रकरणों एवं समस्याओं का निस्तारण करेंगे। योगी ने कहा कि फील्ड में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी, जनसमस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता दें। आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें। यह ध्यान रखें कि आपका आचरण आम आदमी के मन में शासन के प्रति विश्वास का आधार बनता है।

# उप्र में विभिन्न धार्मिक स्थलों से अभी तक 6,031 लाउडस्पीकर उतारे गए



**लखनऊ, एजेंसी।** देशभर में धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को लेकर जहां बवाल हो रहा है तो वहीं उत्तर प्रदेश की जनता इसको लेकर राज्य सरकार के आदेश का स्वेच्छा से पालन कर रही है। सभी धर्मों के लोग स्वयं ही मंदिर-मस्जिदों में लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतारने का काम कर रहे हैं। साथ ही मानक के अनुरूप लाउडस्पीकर की आवाज को धीमा कर रहे हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में चल रही इस कार्रवाई में सभी धार्मिक स्थलों से शुक्रवार को अपराह्न 01.30 बजे तक कुल 6,031 लाउडस्पीकर उतारे गए हैं, जबकि 29,674 लाउडस्पीकरों की आवाजों को धीमा किया गया है। आगे की कार्रवाई चल रही है। इसमें सभी धर्मों के धर्मगुरुओं और लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है। शुक्रवार अपराह्न 01.30 बजे तक आगरा जोन में 30, मेरठ जोन में 1215, बरेली जोन में 1070, लखनऊ जोन में 912, कानपुर जोन में 1056, गोरखपुर जोन में 02, प्रयागराज जोन में 01, वाराणसी जोन में 1366, लखनऊ कमिश्नरेट में 190, गौतमबुद्धनगर में 19 और वाराणसी कमिश्नरेट में 170 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस दोनों धर्मों के लोगों से बातचीत करने के बाद आपसी सहमति मिलने पर लाउडस्पीकर को उतारने का कार्य कर रही है। इसमें सभी धर्मों के धर्मगुरु प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के लोग मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों में लाउड स्पीकर उतरवाये जाने का कार्य किया जा रहा है। बलरामपुर जनपद स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन के मंदिर में भी तीन लाउडस्पीकर को उतरवाया गया है। शक्तिपीठ के मुताबिक राज्य सरकार के निदेशों का पालन करते हुए देवी पाटन मंदिर में चार स्पीकरों में से तीन स्पीकरों को उतरवा दिया है। महंत ने सभी धर्म गुरुओं और लोगों से से अपील की है कि जनहित में राज्य सरकार द्वारा उठाये जा रहे इस कदम में सहयोग दें। सादुल्लानगर थाना प्रभारी ने बताया कि बड़ी मस्जिद अलाउद्दीनपुर से अतिरिक्त लाउडस्पीकर को उतरवाया गया। साथ ही सिद्धेश्वरनाथ मंदिर और अलाउद्दीनपुर के शिव मंदिर में लगे दो लाउडस्पीकर उतारे गये हैं। राज्य सरकार के आदेश के बाद लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बलरामपुर बस्ती, प्रयागराज, मथुरा, कानपुर, नोएडा, कन्नौज समेत प्रदेश के सभी जनपदों के मंदिर, मस्जिद और धार्मिक स्थलों पर लगे अतिरिक्त लाउड स्पीकर को उतारने का काम तेजी से किया जा रहा है। इसमें सभी धर्मों के लोगों का पूरा-पूरा सहयोग मिल रहा है। राज्य गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने बीते दिनों शासनदेश जारी करते हुए सभी थानों को निर्देशित किया था कि विशेष अभियान चलाकर अवैध और तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर को हटाया जाए।

# मुख्तार अंसारी की 5.10 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति कुर्क

**गाजीपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में जिला प्रशासन ने बुधवार को कुख्यात ।आईएस 191 गैंगस के सरगना और पूर्व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की पांच करोड़ रुपये से अधिक कीमत की एक बेनामी संपत्ति को शासन के अधीन कुर्क कर लिया।



जिला प्रशासन की ओर से जारी बयान के अनुसार गाजीपुर के जिलाधिकारी ने गाजीपुर पुलिस की जांच रिपोर्ट के पर विचारोपरांत गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कुर्की की कार्रवाई की है। इसमें बताया गया कि कुर्क की गयी संपत्ति गाजीपुर में मोहल्ला बबेडी स्थित व्यवसायिक भूमि पर स्थित है। राजस्व विभाग के रिकार्ड में यह संपत्ति मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद और सरजील रजा के नाम दर्ज है।

बयान में बताया गया कि संपत्ति की कुर्की के आदेश के क्रम में आज 27 अप्रैल को गाजीपुर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उक्त भूमि की कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। बबेडी स्थित इस भूमि का क्षेत्रफल 0.3134 हेक्टेयर है एवं इसका बाजारू मूल्य लगभग 5 करोड़ 10 लाख रुपये है।

इस कुर्की को मिलाकर अब तक गाजीपुर पुलिस एवं प्रशासन ने मुख्तार अंसारी कि लगभग 65 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्की कर ली है। साथ ही मुख्तार अंसारी गैंग से सबंधित लगभग 109 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है।

# मैनपुरी में बोले अखिलेश यादव: चाचा को लेने में देर क्यों कर रही भाजपा?

**मैनपुरी, एजेंसी।** नेता विरोधी दल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि क्या मायावती को भाजपा राष्ट्रपति बनाएगी। चुनाव में बसपा का वोट तो हासिल कर लिया है। भाजपा सरकार लगातार बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी को नहीं रोक पा रही है। अगर मैनपुरी और एटा के बीच सपा सरकार में बना बिजली कारखाना सरकार चालू करा दे तो प्रदेश में बिजली का संकट समाप्त हो जाएगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। प्रयागराज में कई लोगों की हत्या हो गई है। बांदा में भाजपा की नेता ने फांसी लगा ली। पूर्व मुख्यमंत्री एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।



नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा कि जब बुलडोजर किसी भाजपा नेता के यहां चलता है तो उसको कई गुना मुआवजा दिया जाता है। जब गरीब के यहां चलता है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाती है। बिजली चोरी के नाम पर किसानों का उतपीड? किया जाता है। सरकार लोगों को जरूरत के मुताबिक बिजली नहीं दे पा रही है। सपा का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। समाज के हर वर्ग के लोग सपा में भरोसा जता रहे हैं। भाजपा युवाओं को रोजगार, बेरोजगारों को नौकरी, किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि किसान का गेहूं निजी कंपनियां खरीद रही हैं। जो आटा बनाकर महंगा बेचेंगी। किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। भाजपा शासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। सपा पर जातिवादी होने का आरोप लगाने वाली भाजपा के शासन में मुख्यमंत्री की विरादरी के लोग प्रदेश के एक छोर से दूसरे छोर तक बैठे हुए हैं।

## मेरे बारे में गैर जिम्मेदारना बयान दे रहे है अखिलेश : शिवपाल

**इटावा।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार उनके भाजपा मे शामिल होने के मुद्दे पर गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे है। शिवपाल ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा मेरे भाजपा में शामिल होने के बारे में अखिलेश गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव आज पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के पक्ष में खुलकर बोले। उन्होंने कहा कहा कि आजम खां सबसे सीनियर विधायक हैं। सांसद और राज्यसभा सदस्य भी रहे। उनके साथ जुल्म हो रहा है। जब वे लोकसभा सदस्य थे तो उनके जुल्म के खिलाफ समाजवार्दी को लोकसभा और विधानसभा में धरने पर बैठ जाना चाहिए था। नेताजी मुलायम सिंह यादव को भी धरने में शामिल करते। उन्होने कहा पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेताजी मुलायम सिंह यादव का सम्मान करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में जमीन के विवाद में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र के मीरापट्टी मोहल्ले में जमीन के विवाद में बुधवार दोपहर दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सिविल लाइंस क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि धूमनगंज थाना क्षेत्र के मीरापट्टी में दो व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों में 30 वर्षीय सुल्तान और 40 वर्षीय यासिद शामिल हैं। सुल्तान, यासिद का चचेरा दामाद है और ये दोनों कसारी मसारी के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर एक बजे की है। मीरापट्टी में ये दोनों जमीन के सौदे के सिलसिले में दीपक विश्वकर्मा के घर आए थे और किसी मुद्दे पर विवाद के बाद यासिद और सुल्तान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### कानपुर में हादसा: पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत

**कानपुर, एजेंसी।** यूपी में कानपुर जिले के शिवराजपुर क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार पिकप वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के सुक्खा निवादा गांव के पास प्राइमरी स्कूल के सामने से गुजरने वाली सड़क पर पिकप ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दी। पिकप की रफ्तार अधिक होने के चलते बाइक सवार युवक कई मीटर दूर तक सड़क पर घायल हालत में गिर पड़े। जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और गंभीर हालत में घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि पिकप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई है। मृतकों में शिनाख्त उमाशंकर, प्रदीप व अमर सिंह हैं और सभी कानपुर देहात के सट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले है।

### दिव्यांगजनों के लिये विशेष विद्यालयों में होगी स्मार्ट क्लास

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को प्रदेश के विकास में भागीदार बनाने के लिए उनकी शिक्षा के लिए विशेष इंतजाम करते हुए सभी विशेष विद्यालयों में ह्यस्मार्ट क्लास' की व्यवस्था करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार राज्य सरकार दिव्यांग बच्चों के लिए अगले 100 दिन में सभी विशेष विद्यालयों में ह्यस्माट 'क्लास' बनाने के अलावा तीन विशेष विद्यालयों को हस्तगत करेगी। इनमें लखनऊ स्थित राजकीय ममता विद्यालय और मानसिक मंदित आश्रम सह प्रशिक्षण केंद्र एवं आजमगढ़ स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय शामिल है। इसके अलावा डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में ब्रेल प्रेस की स्थापना की जा रही है। इससे दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों को पठन-पाठन की सामग्री उपलब्ध होने में आसानी होगी। विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए विशिष्ट स्टेडियम को भी जल्द शुरू किया जाएगा, जहां दिव्यांगजन अपनी खेलकूद की प्रतिभा को निखार सकेंगे।

### संत को ताजमहल में प्रवेश न करने पर भड़का हिंदू महासभा, एएसआई कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**आगरा, एजेंसी।** ताजमहल में अयोध्या के संत को प्रवेश न करने देने के विरोध में बुधवार को हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भगवा पहनकर जगतगुरु परमहंसाचार्य को ताजमहल परिसर में प्रवेश देने से रोकने के मामले की जांच शुरू हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज जुटाए जा रहे हैं। एएसआई अपनी ओर से कई कर्मचारियों से पूछताछ कर चुका है, साथ ही आक्रोशित नेताओं को उचित कारर्वाई का आश्वासन दिया जा रहा है। हिंदू महासभा के प्रदर्शन को देखते हुए एएसआई कार्यालय पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। हिंदूवादी नेता गोविंद पाराशर का कहना था कि मंगलवार की घटना के विरोध में आज उन्होंने भगवा वस्त्र पहन कर ताजमहल में प्रवेश किया। उन्हें नहीं रोका गया। कुछ कर्मचारी जानबूझकर माहौल खराब करना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने संत को रोकने जैसा निंदनीय कार्य किया।

### फिरोजाबाद में रोड पर नमाज नहीं होगी नमाज, योगी सरकार का आदेश जारी

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** यूपी के फिरोजाबाद में रोड पर नमाज नहीं किए जाने का आदेश जारी किया गया है। फिरोजाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रदेश सरकार का आदेश है कि सड़कों पर नमाज नहीं होगी। इसको लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी ईदगाह का निरीक्षण करने आए। यूपी सरकार का आदेश है कि अलविदा और ईद की नमाज सड़कों पर नहीं होगी। इसको लेकर आज फिरोजाबाद के सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सागर और एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्र पुलिस विभाग के साथ गांधी पार्क स्थित ईदगाह पर पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया।

# ध्यान भटकाने के लिए लाउडस्पीकर को विवाद बनाया: अखिलेश यादव

**इटावा, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने लिए लाउडस्पीकर को विवाद का विषय बना रही है।

पार्टी के दिवंगत नेता दर्शन सिंह यादव की पत्नी शकुंतला देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने के बाद पत्रकारो से बातचीत में श्री यादव ने बुधवार को कहा कि युवाओं बेरोजगारों को सरकार से कोई उम्मीद नहीं रही। भाजपा सरकार इन मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहती। भाजपा की एक रिसर्च टीम है जो भाईचारा मिटाने के लिए इस तरह से मुद्दों को उछालती रही है।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के नाम पर सरकार पूरी तरह से फेल हो रही है। बड़े बड़े महानगरों में अपराधिक वारदातें बढ़ रही है। लखनऊ और अमेठी में भाजपा के लोगों ने पुलिस पर हमला किया। उन्होंने कहा पहले विपक्ष के लोग सपा पर जातिवाद का आरोप लगाते हैं आज मैं पूंछना चाहता हूं कि एक कोने से दूसरे कोने तक आखिर किस जाति के लोग जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं। सभी एक ही जाति के हैं। अब बताइये जातिवादी कौन है।



श्री यादव ने कहा कि महंगाई का हाल यह है कि डीजल पेट्रोल से लेकर मकान बनाने तक की सामग्री महंगी हो रही है। मकान बनाना मुश्किल हो गया है। सरकार मकान तो दे नहीं पा रही बुलडोजर चलवाकर गरीबों के मकान तुड़वा रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री अपनी 500 मीटर की जगह में बनी दुकानों को तोड़कर 200 करोड़ मुआवजा सरकार से ले लेते हैं। वहीं गरीबों के घर तुड़वाने का कोई मुआवजा नहीं दे रहे। उनकी मांग है कि जब मुआवजा मुख्यमंत्री को मिल सकता है तो गरीबों को भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा सरकार होती तो बिजली संकट नहीं रहता। 300 यूनिट बिजली फ्री मिलती। परंतु भाजपा की लखनऊ और दिल्ली में सरकार है इनसे पूंछिए कि कितने मेगावाट बिजली बनाने का कारखाना लगाया है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पूरी तरह से पूर्व मंत्री आजम खां के साथ खड़ी है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष गोपाल यादव भी साथ रहे।

# तिकोनिया कांड: न्यायाधीश ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग किया

**लखनऊ, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने बुधवार को लखीमपुर खीरी के तिकोनिया कांड मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के बेटे आशीष मिश्र की जमानत की अर्जी पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

आशीष ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पिछली 18 अप्रैल को जमानत रद्द किये जाने के बाद गत रविवार को लखीमपुर खीरी की एक स्थानीय अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। शीर्ष अदालत ने प्रासंगिक तथ्यों और इस तथ्य पर ध्यान देने के बाद कि पीड़ितों को सुनवाई का पूरा अवसर नहीं दिया गया था, गुण-दोष के आधार पर नए सिरे से सुनवाई के लिए जमानत अर्जी को वापस भेज दिया था। जमानत अर्जी पर सुनवाई से पहले ही न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। न्यायमूर्ति सिंह ने ही पूर्व में आशीष को जमानत दी थी, जिसे उच्चतम न्यायालय ने 18 अप्रैल को रद्द कर दिया था। प्रकरण की सुनवाई के लिये नये न्यायाधीश के मनोनयन के बाद अदालत मामले की अगली सुनवाई के लिये तारीख नियत करेगी।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत 18 अप्रैल को रद्द कर दी थी और उन्हें एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा था। न्यायालय ने कहा कि पीड़ितों को जांच से लेकर आपराधिक मुकदमे की समाप्ति तक कार्यवाही में हिस्सा लेने का ह्यनिर्बाध' अधिकार है।

# सपा से परहेज कर रहे हैं विधायक शहजिल इस्लाम

**बरेली।** समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक शहजिल इस्लाम बुधवार शाम पार्टी की जिला इकाई द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल नहीं हुए। इससे पूर्व मंगलवार को वह विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर के नेतृत्व बरेली आई सपा की 12 सदस्यीय कमेटी से भी नहीं मिले थे। सोमवार और मंगलवार को आल इण्डिया रजा एक्शन कमेटी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शहजिल इस्लाम शामिल हुए थे हालांकि रोजा इफ्तार कार्यक्रम में में बहेड़ी से सपा विधायक अताउल रहमान भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए क्योंकि वे धार्मिक यात्रा पर बाहर हैं। सपा से शहजिल द्वारा दूरी बना लेने से बरेली के राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। कुछ लोग कह रहे हैं कि शहजिल बुलडोजर से डर गए हैं जबकि कुछ का कहना है कि वह आजम खान की रह पर चल रहे हैं। शहजिल इस्लाम के पिता पूर्व विधायक इस्लाम साबिर ने बताया कि मंगलवार को शहजिल शहर से बाहर थे, इसलिए विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर के नेतृत्व बरेली आई सपा की 12 सदस्यीय कमेटी से नहीं मिल सके।

# डेढ़ रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदेगी योगी सरकार

**गोशालाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार की तैयारी, बन रहा प्रस्ताव**

**लखनऊ, एजेंसी।** गो-आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गोबर खरीदेगी। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि गोबर एवं गो-मूत्र के उपयोग से विभिन्न उत्पादों का निर्माण करने वाली संस्थाओं को पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग प्रोत्साहित करेगा। गोवंश का भरण पोषण करने वाली ऐसी संस्थाओं और किसानों को राज्य सरकार धनराशि देती रहेगी। एक गोवंश पर 30 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से राज्य सरकार दे रही है।

पशुधन मंत्री के समक्ष सनब्रीज रिन्यूवेबिल संस्था ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि वह गोशाला के अतिरिक्त जनमानस द्वारा पाले जा रहे गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं के गोबर एवं कृषि अवशेषों को भी इकट्ठा किया जायेगा। इसके तहत गोबर का क्रय 1.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से करने का प्रस्ताव रखा गया।



सनब्रीज रिन्यूवेबिल संस्था के चेयरमैन प्रथमेश मैरल द्वारा गो-आश्रय स्थलों पर गोबर के उपयोग से कम्प्रैस्ड बायो-गैस, आर्गेनिक फटीर्लाइजर के निर्माण के साथ-साथ गो-आश्रय स्थल पर सोलर एनर्जी सिस्टम को शामिल करते हुये योजना प्रस्तुत की। योजना के प्रस्तुतीकरण पर विशेष सचिव, पशुधन देवेन्द्र पाण्डे ने इसे पायलेट परियोजना के रूप में चिन्हिकरण करते हुये मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित किये जाने का सुझाव दिया। बैठक में मुख्य महाप्रबन्धक पीसीडीएफ निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग इन्द्रमणि, निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र विकास, पशुपालन विभाग, डा0 जीवन दत्त, अपर निदेशक गोधन विकास डॉ. अरविन्द सिंह उपस्थित रहे।

# ₹उन्होंने जिग्नेश मेवाणी को ही नहीं बल्कि लोकतंत्र, भारत के संविधान को गिरफ्तार किया है₹ : श्रीनिवास बी वी

○ भारतीय युवा कांग्रेस ने आज गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी की असंवैधानिक गिरफ्तारी और उनकी रिहाई की मांग को लेके गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने आज गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी की असंवैधानिक गिरफ्तारी और उनकी रिहाई की मांग को लेके गृह मंत्री अमित शाह के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि विधायक जिग्नेश मेवानी की गिरफ्तारी गैरकानूनी है, ऐसी किसी गिरफ्तारी के बारे में अन्य राज्य की पुलिस को गुजरात विधानसभा के स्पीकर को सूचित करने की आवश्यकता होती है पर उन्हें किसी के द्वारा भी अवगत नहीं कराया गया था, जो नियमो के विरुद्ध है। भाजपा के न्यू इंडिया में बलात्कारियों, आरोपियों का संरक्षण होता है और जनता की आवाज उठाने वाले नेताओं पर आक्रमण। भाजपा की तानाशाही से भारत डरेगा नहीं, भारत लड़ेगा।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि जिग्नेश मेवाणी की गिरफ्तारी ये दशार्ती है कि अब इस देश में संविधान को रौंद दिया गया है, कानून की हत्या कर दी गई है। भाजपा के न्यू इंडिया में, आवाज उठाने वाले विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं, आप केवल कल्पना कर सकते हैं कि सरकार के खिलाफ बोलने पर आम भारतीय नागरिकों को क्या करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की असहमति की आवाज दबाने के लिए सरकार निम्न स्तर पर उतर आई है। राज्य की मशीनरी का इस्तेमाल व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी का दमन करने के लिए किया जा रहा है। सरकार चाहे कितनी ही कोशिश कर ले लेकिन सच की आवाज को वह दबा नहीं सकती है।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव ने कहा कि विधायक जिग्नेश मेवनी के खिलाफ हुई असंवैधानिक कारवाई के विरुद्ध युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंच रहे थे उसके पहले ही दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सभी को हिरासत में ले लिया, जिग्नेश मेवाणी की गिरफ्तारी गलत और असंवैधानिक है और हम उनकी जल्द से जल्द रिहाई की मांग करते है।

इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल राव, राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी खुशबू शर्मा, राष्ट्रीय सचिव दीपक चोटीवाला, बंटी शेल्के, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## लगातार लैंडफिलों में लगती आग के कारण दिल्ली की स्थिति भयावह - चौ0 अनिल कुमार

**नई दिल्ली, सुषमा रानी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली सरकार और भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम की निगरानी होने के बावजूद एक बार फिर भलस्वा लैंडफिल में भीषण आग सरकार की योजनाओं और नीतियों पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। भलस्वा लैंडफिल में लगी भयानक आग से नजदीकी क्षेत्रों में भीष्ण गर्मी में प्रदूषण का स्तर खतरनाक से भी अधिक स्तर पर पहुच गया है और तापमान असहनीय हो गया है, जिसके कारण आसपास के गांव के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है, लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम और केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण औखला, गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिलों पर लगातार आग लगने की घटनाऐंहो रही है, जो अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली मॉडल के प्रदूषण नियंत्रण की पोल खोलता है। उन्होंने कहा कि राजधानी में वायु प्रदूषण पहले ही खतरे के स्तर से उपर रहता है फिर लैंडफिलों पर आग जहरीले धुंए के कारण लोगों का जीना दूभर हो रहा है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम और केजरीवाल सरकार की पर्यावरण विभाग द्वारा औखला लैंडफिलों का कूड़ा संशोधित करने पर करोड़ो रुपये खर्च किए है परंतु औखला, गाजीपुर, भलस्वा लैंडफिलों पर कूड़े के पहाड़ कम होते नही दिख रहे है। सच्चाई यह है कि भ्रष्टाचार के कारण काम सिर्फ दस्तावेजों में रहे है, वास्तविकता आग लगने पर उजागर हो जाती है क्योंकि इस साल तक आग लगने की 5 घटनाऐं हुई है जबकि पिछले साल इसी अवधि में आग लगने की 16 घटनाऐं हुई थी जिनमें 12 भलस्वा लैंडफिल साईट और 4 गाजीपुर लैंडफिल में हुई थी।

## भाजपा की कथित अवैध वसूली के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन किया। आप के वरिष्ठ नेता एवं प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा, पूरी दिल्ली से हमें शिकायतें आ रही हैं कि भाजपा के नेता दिल्ली के सभी घरों में कमी निकाल रहे हैं। किसी से कह रहे हैं कि आपके घर में यह समस्या है, छज्जा गलत बनवाया है, नाली खुली हुई है। यदि आपको अपना घर नहीं तुड़वाना है तो हमें इतना पैसा दो, अन्यथा आपके घर पर बुलडोजर चलवा देंगे। 15 सालों से निगम में भाजपा है। पहले खुद इन्होंने अवैध निर्माण होने दिए। हार के डर से चुनाव टाल दिए। अब इन्हें पता है कि चुनाव में छह महीने-सालभर का समय बाकी है




तो कैसे भी करके अपनी जेब भरनी है। पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के निगम में तीनों नेता प्रतिपक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने कहा कि भाजपा पूरी तरह से भारतीय गुंडा पार्टी बन चुकी है। भाजपा के सभी नेता, चाहे वह प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता हों, उनके पार्षद हों, स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन हों, उनके जोन के चेयरमैन हों, जिस प्रकार से वह लोग दिल्लीवालों को डरा-धमका रहे हैं कि हमें पैसे दो नहीं तो आपका घर तोड़ दिया जाएगा। दुकानों को कन्वर्जन शुल्क, हाउस टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे हैं और उसकी आड़ में अवैध उगाही की जा रही है। यह सरासर गुंडागर्दी है इसलिए आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरी है। भाजपा की यह गुंडागर्दी चलने नहीं दी जायेगी।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष प्रेम चौहान ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा ने बुलडोजर की राजनीति शुरू की है, वह बिल्कुल गलत है। पहले खुद अवैध निर्माण करवाए और अब उन्हीं लोगों को बुलडोजर की धमकी देकर फिर से उगाही करने में लगे हुए हैं। यह काम तो तभी करवाना चाहिए था जब अवैध निर्माण हो रहे थे लेकिन तब तो उगाही का लालच था। उन्होंने कहा, ह्यदि आपको बुलडोजर चलाना ही है तो गरीबों के घरों पर नहीं बल्कि भाजपा के नेताओं के घरों पर चलाना चाहिए जो अवैध निर्माण करवाकर बैठे हैं।

## दिल्ली में एक दिन में आग लगने की चार घटनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मी शुरू होते ही दिल्ली में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। मंगलवार को दिल्ली में चार स्थानों पर आग लगने की घटना हुई हैं। दिन में दिल्ली में तीन स्थानों पर लगी आग अभी ठंडी भी नहीं हुई कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर भीषण आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास कर आग को आबादी की ओर बढ़ने से रोक दिया।

भलस्वा लैंडफिल साइट में लगी आग



मंगलवार देर शाम को भलस्वा लैंडफिल साइट में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर घटनास्थल पर दमकल विभाग की गाड़ियां आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की। दमकलकर्मियों के प्रयास से आग को आबादी वाले इलाकों की ओर बढ़ने से रोक दिया गया। इस संबंध में दिल्ली अग्निशमन सेवा में सहायक मंडल अधिकारी सीएल मीणा ने बताया कि हवा चलने से आग फैल गई है। दमकल की 12 गाड़ियों ने आग पर काबू करने का प्रयास किया है। दमकलकर्मियों ने प्राथमिकता से आग को आबादी वाले इलाकों की ओर फैलने से रोका दिया है। लैंडफिल साइट में आग लगने से पूरे इलाके में काला धुआं भर गया है।

इससे पहले दोपहर 2.25 बजे आईटीओ से आगे शांति वन के पास एक डीटीसी की हरी बस में आग लग गई। फिर अमर कालोनी के लाजपत नगर इलाके में एक मोबाइल शॉप में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के रेस्टोरेंट और ढाबे को अपनी चपेट में ले लिया। यहां आग से पांच दुकानें जल गईं।

## सीबीएसई एग्जाम : अंग्रेजी का पेपर देखकर छात्रों के चेहरे खिले, बताया अनुभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की टर्म 2 की परीक्षाएं 26 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। बुधवार को 10वीं का अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। आफलाइन माध्यम से हो रही इन परीक्षाओं में परीक्षार्थियों से विवरणात्मक सवाल पूछे जा रहे हैं। केजी मार्ग स्थित भारतीय विद्या भवन स्कूल से परीक्षा केंद्रों से पेपर देकर निकल रहे परीक्षार्थियों के चेहरे खिले हुए नजर आ रहे थे। परीक्षार्थियों के अनुसार पेपर में बहुत ही आसान सवाल पूछे गए थे। कुल 40 अंकों का पेपर था। हल करने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई और समय पर सभी प्रश्न हल भी कर लिए थे।



**दो घंटे की थी परीक्षा**

परीक्षा देने के लिए उत्सुक परीक्षार्थी सुबह आधे घंटे पहले ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच चुके थे। हालांकि, उनके मन में परीक्षा के बदले पैटर्न को लेकर थोड़ी घबराहट भी थी। छात्रों को सुबह दस बजे परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। वहीं, परीक्षार्थियों को प्रवेश के बाद 10:15 पर प्रश्न पत्र बांटा गया था, जिसके बाद 10:30 तक उनको प्रश्न पत्र पढ़ना था। वहीं, परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे खत्म हुई। छात्रों ने बताया कि परीक्षा में 20 अंक अंग्रेजी भाषा (लिट्रेचर) और बाकी 20 अंक साहित्य (लैंग्वेज) के थे। जिसमें कुल सात सवाल पूछे गए थे।

## दिल्ली में खुले सीवर में हुआ एक और हादसा, सीवर में दो लोगों की हुई दर्दनाक मौत



**सुषमा रानी**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके के गंगा टोली मंदिर के पास में गिरे दो व्यक्ति ।रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर ।अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने किया मृत घोषित ।नई दिल्ली बवाना के औद्योगिक क्षेत्र में गंगा टोली मंदिर के पास सीवर में काम करने वाले दो कर्मचारियों की सीवर में डूबने से हुई मौत ।कर्मचारियों के पास कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं थे जहां दिल्ली सरकार व केंद्र सरकार लगातार सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरणों की बात करती है वहीं राजधानी दिल्ली में यह सभी दावे खोखले साबित होते हुए नजर आए। क्योंकि प्राइवेट ठेकेदार किसी भी तरह का सुरक्षा उपकरण सफाई कर्मचारियों को नहीं देते। जिसकी वजह से आए दिन राजधानी दिल्ली के शिविरो में कर्मचारियों की जान जाती है। दोनों सफाई कर्मचारियों को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया मृतकों की पहचान अब्दुल कलाम व चितरंजन के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नाम के अक्षरों में भिन्नता होने पर दाखिले से मना नहीं करेंगे स्कूल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निजी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश स्तर कक्षाओं की सीटों पर पहला कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ होने के बाद दाखिले को लेकर दौड़ शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अभिभावक में से किसी एक की जानकारी न देने पर स्कूल चयनित उम्मीदवारों को दाखिला देने से मना नहीं कर सकते हैं। अगर किसी के नाम में एक या दो अक्षरों को लेकर दस्तावेज में कुछ भिन्नता है तो उस वजह से भी स्कूल दाखिला देने से मना नहीं करेंगे। साथ ही अगर चयनित उम्मीदवार के पास आधार नहीं है तो उसे भी दाखिला देने से मना नहीं किया जाएगा।



दाखिले को लेकर शिक्षा निदेशालय की निजी स्कूल शाखा के उप शिक्षा निदेशक योगेश पाल सिंह ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसको लेकर परिपत्र भी जारी हुआ है। परिपत्र के अनुसार ड्रॉ में चयनित उम्मीदवारों की सूची स्कूल के बाहर लगाई जाएगी। साथ ही, स्कूल परिसर में हेल्प डेस्क लगाने के निर्देश हैं। स्कूलों में 30 मई दोपहर एक बजे तक प्री स्कूल/नर्सरी, प्री-प्राइमरी/केजी और पहली कक्षा, आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/वंचित वर्ग (डीजी) और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) श्रेणी की सीटों पर दाखिले होंगे। अभिभावकों की सुविधा के लिए 8800355192 और 9818154069 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अभिभावक सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कार्यदिवस में जानकारी जुटा सकेंगे। वहीं, अपनी शिकायत पोर्टल पर भी दर्ज करा सकते हैं। इस बार दाखिले को लेकर निदेशालय को कुल 178618 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं, लगभग 44000 सीटों को लेकर ड्रॉ हुआ।

परिपत्र में कहा गया है कि निजी स्कूल प्रमुख बेवजह ऑनलाइन आवेदन संबंधी त्रुटियों को ठीक कराने के लिए अभिभावकों को विभाग न भेजें। उन्हें विशिष्ट मामले की वास्तविकता के आधार पर निर्णय लेना चाहिए और प्रवेश से इनकार न करें। स्कूल जल्द से जल्द बच्चों को दाखिला दें। जिससे उनकी शैक्षणिक सत्र की पढ़ाई शुरू हो सकें।

ट्यूशन शुक्ल नहीं लेंगे स्कूल : चयनित उम्मीदवारों से स्कूल कोई ट्यूशन शुल्क नहीं लेंगे। साथ ही, उम्मीदवारों को वर्दी, किताबें और लेखन सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराएंगे। स्कूलों को अभिभावकों के लिए परिचायत्मक सत्र कराने की सलाह दी गई है। दाखिले संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में सावधानी बरतने के निर्देश हैं। ईडब्ल्यूएस श्रेणी में दाखिले के लिए एक लाख से कम वार्षिक आय का प्रमाण पत्र मान्य है।

चाहे वह बच्चे के माता, पिता या अभिभावक में किसी के नाम हो। स्कूल खाद्य विभाग द्वारा जारी बीपीएल, एएवाई और खाद्य सुरक्ष कार्ड धारकों और डीजी श्रेणी वालों से आय प्रमाण पत्र नहीं मांगेंगे। राजपत्रित अधिकारी से दस्तावेजों का सत्यापन जरूरी नहीं है। खुद के द्वारा सत्यापित दस्तावेज भी मान्य हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुफ्त एलपीजी कनेक्शन का किया गया वितरण



**पूर्वी दिल्ली,गौरव राय।** चन्द्रकला इंडेन द्वारा सक्षम कार्यक्रम के तत्वावधान में सीमापुरी में एलपीजी पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चन्द्रकला इंडेन के प्रोपराइटर, डॉ राकेश रमण झा द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 125 महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। कनेक्शन में महिलाओं को मुफ्त में चूल्हा, रेगुलेटर, सुरक्षा पाइप, गैस समेत सिलेंडर, किताब एवं गैस के कागजात प्रदान किये गये। डॉ झा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने 2 अक्टूबर 2016 से अभी तक 9 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी की नेता शाजिया खान, सुनील झा, महासचिव, पूर्वांचल विचार मंच, सुनील मित्तल, नेता, काँग्रेस पार्टी, ताज मोहम्मद, नायब सदर,मदरसा तालीमुल कुरान, मनमोहन शर्मा, शिव शक्ति एंटरप्राइजेज, छोटे खान नेता काँग्रेस, साजिद खान, महासचिव, कोशिश एनजीओ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश रमण झा ने किया।

### कोरोना : मुआवजे के लिए दावा करने की समयसीमा तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बुधवार को कहा कि 20 मार्च से पहले कोरोना के चलते हुई मौतों के लिए मुआवजे का दावा करने की समयसीमा दो महीने होगी। जबकि भविष्य में यह तीन महीने की रहेगी। एनडीएमए ने इस संबंध में 24 मार्च के उच्चतम न्यायालय के आदेश के मद्देनजर यह घोषणा की। 20 मार्च 2022 से पहले कोविड-19 से हुई मौतों के मामले में मुआवजे के दावे के लिए छह दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। एनडीएमए ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा कि भविष्य में कोविड से होने वाली मौतों के संबंध में दावा दाखिल करने के लिए मृत्यु की तिथि से 90 दिन तक का समय दिया जाएगा। वहीं, इस संबंध में पुराना आदेश भी जारी रहेगा, जिसमें दावे की प्रक्रिया को पूरा कर मुआवजे के भुगतान के लिए 30 दिन का समय दिया जाता है। ऐसे मामलों में, जहां दावेदार को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और वह निर्धारित समय के तहत आवेदन नहीं कर सकता तो वह शिकायत निस्तारण समिति का रुख कर उसके जरिये दावा कर सकता है।

### आप ने आग को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने लैंडफिल साइट की आग को लेकर निगमों में भाजपा शासन पर निशाना साथा है। उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइटों की आग भी निगम में भाजपा के पंद्रह साल के शासन की निशानी है। पर्यावरण मंत्री ने बुधवार को कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट में लगी आग को लेकर जांच रिपोर्ट मांगी गई है। इसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंद्रह साल निगमों में भाजपा शासन रहा है। इस दौरान ही दिल्ली के तीन कोनों पर कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ खड़े हो गए हैं। कचरे के इन पहाड़ों के नाम पर तमाम भ्रष्टाचार किए गए। लेकिन, वास्तव में कुछ नहीं किया गया। इसी का परिणाम है कि आज इनमें लगातार आग लग रही है। उन्होंने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट की आग पर दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में गाजीपुर लैंडफिल साइट में लगी आग को लेकर भी डीपीसीसी से रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसमें लापरवाही पाई जाने के बाद बाद पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर पचास लाख का जुमार्ना किया गया था।

### ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के बहाने डेढ़ लाख ठगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में ओएनजीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवती से डेढ़ लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता 30 वर्षीय रचना सिंह परिवार के साथ लक्ष्मी नगर में रहती हैं। रचना के अनुसार, करीब दो साल पहले लक्ष्मी नगर में रहने वाले विष्णु शंकर ओझा से उनकी मुलाकात हुई। विष्णु ने उन्हें बताया कि उसने अपनी बहन को ओएनजीसी में संविदा के तौर पर नौकरी दिलाई थी। अब उसकी नौकरी स्थायी हो गई है। उसने रचना को भी ओएनजीसी में नौकरी दिलाने का दावा किया। वह उसके झांसे में आ गई। विष्णु ने नौकरी के लिए पहले 50 हजार रुपये की मांग की। फिर एक लाख रुपये और मांग लिए। इसके बाद वह नौकरी दिलाने को लेकर बहाना बनाने लगा। अब रुपये वापस मांगने पर धमकी दे रहा है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी ने कई लोगों से ठगी की है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### जिला अदालतों में कोविड-19 की जांच शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** में कोरोना मामलों में एक बार फिर इजाफा शुरू हो गया है। अब जिला अदालतों में कोविड-19 को गंभीरता से लेते हुए परिसर स्थित डिस्पेंसरी में जांच शुरू कर दी गई है। इसके लिए समय-समय पर शिविर भी लगाए जा रहे हैं। जहां वकील व मुद्दई जांच करा सकते हैं। जबकि न्यायिक अधिकारी भी आवश्यक समझे जाने पर यहां जांच करा सकते हैं। इस बाबत एक परिपत्र जारी कर सूचना दी गई है। इसमें कहा गया है कि अस्वस्थ महसूस होने पर वकील, अदालतकर्मी व मुद्दई समेत तमाम लोग यहां जांच करा सकते हैं।

### बवाना में सीवर में गिरने से दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के बवाना में बुधवार को एक सीवर में कथित तौर पर गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि दोनों सीवर की सफाई के लिए अंदर गए थे या नहीं। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान चित्तरंजन और अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, "बवाना इलाके में सीवर में गिरे दो लोगों को बचाने के लिये सुबह 11.25 बजे सूचना मिली। हमने दमकल की दो गाड़ियां भेजीं और दोनों को सीवर से बाहर निकाला।" उन्होंने कहा कि दोनों को महर्षि बाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### झगड़े में बेटे को बचाने पहुंचे पिता को चाकू मारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ख्याला इलाके में झगड़े में बेटे को बचाने पहुंचे पिता को आरोपियों ने चाकू से गोद दिया। आरोपियों के जाने के बाद बेटे ने राहगीरों की मदद से पिता को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, पुलिस ने घायल जवाहर लाल के बयान पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 55 वर्षीय जवाहर लाल परिवार के साथ जेजे कॉलोनी रघुबीर नगर में रहता है और निजी कंपनी में काम करता है। जवाहर ने बताया कि 24 अप्रैल को बेटे हर्षवर्धन और भतीजे मुकुल का झगड़ा सोनू, समीर, सलमान और अमन से हो गया था। बीच बचाव के बाद झगड़ा खत्म हो गया। अगले दिन सोनू, समीर, सलमान और अमन फिर से आए और हर्षवर्धन और मुकुल के साथ मारपीट करने लगे।

संपादकीय

## लाउडस्पीकर विवाद

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। मामले को अधिक तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, मगर भाजपा और मनसे ने इससे दूरी बनाए रखी। इस बैठक से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी दूरी बना ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता किरीट सोमैया पर हमले का मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। इस मामले में अब भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर गृह सचिव से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है साथ ही किरीट सोमैया मामले को भी उठाया। महाराष्ट्र में अचानक से बदले राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो यह बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। उद्धव सरकार जाएगी या बचेगी, सवाल यह नहीं है। भाजपा जिस तरह से एक के बाद एक घटनाक्रम को अंजाम दे रही है, उसके सियासी मायने बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज ठाकरे की लाउडस्पीकर हटाने की मांग, नवनीत राणा की मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान, करीट सोमैया पर हमला यह सब अचानक नहीं है। महाराष्ट्र में राजनीतिक हवाएं बड़ी तेजी से बदल रही हैं। इन हवाओं की चपेट में सत्ताधारी दल शिवसेना तो है ही, साथ में महाविकास अघाड़ी को अस्थिर करने का भी पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में आक्रामक रवैये वाली शिवसेना को अपने अहम मुद्दों पर कमजोर पड़ती धार से उसका न सिर्फ नुकसान हो रहा है, बल्कि वह अपने धुर विरोधी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे को आगे बढ़ने का मौका भी दे रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बनते बिगड़ते तमाम हालातों को लेकर भाजपा के नेता जिस तरीके से केंद्रीय गृह सचिव से मिले हैं, उससे अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कई तरह के तूफान आने की आशंका बनी हुई है। शिवसेना जब से अपने नए गठबंधन के साथ सरकार में आई है, तब से उसके कड़क हिंदुत्व वाले मिजाज में न सिर्फ कमी आई है, बल्कि गठबंधन की मजबूरी से सरकार चलाने की स्थितियां स्पष्ट देखी जा रही हैं। जिस तरीके से कड़क हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना आगे आती थी, वही अब उस पर बैकफुट पर है। इसी कमी को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे बढ़-चढ़कर आगे आए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सड़कों पर हनुमान चालीसा के पाठ के बाद से हिंदुत्व की धुरी बनने की पूरी योजना बना रही है। शिवसेना की गठबंधन में होने की मजबूरी के चलते राज ठाकरे को इससे फायदा भी मिल सकता है। हालांकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उग्र हिंदुत्व की धुरी से राज ठाकरे को चुनाव में कितना फायदा होगा, इसके बारे में अभी कहना बहुत जल्दी होगा। लेकिन उनका कहना है कि शिवसेना आरोप लगा रही है कि राज ठाकरे के माध्यम से भाजपा अपने हित साधने की कोशिश कर रही है। इस पूरे मामले में एक तरीके से महाराष्ट्र में हाशिए पर पड़ी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिस मुद्दे पर शिवसेना कभी राज्य में सबसे आगे हुआ करती थी, अब उसी पर एक बार फिर से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। कभी हिंदुत्व और यूपी-बिहार के लोगों का मुद्दा बनाकर सड़कों पर उतरने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधानसभा में 13 विधायकों के साथ बड़ा प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन अब ये मुद्दे उतने प्रभावी नहीं रहे, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक विधायक के साथ विधानसभा में सिमट कर रह गई। महाराष्ट्र के राजनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि राज ठाकरे को इस बात का बखूबी अंदाजा हो गया कि कड़क हिंदुत्व के मामले में शिवसेना पीछे हट रही है। बस इसी मुद्दे को राज ठाकरे ने पकड़ लिया।

## झूठ बोले कौआ काटे

-पी. ए. सिद्धार्थ-

हिंदी फिल्म बॉबी का निर्माण हुए पाँच दशक होने को आ रहे हैं। लेकिन मैं अभी भी उस कौए को ढूँढ़ रहा हूँ जिसकी खोज कवि और गीतकार विठ्ठल भाई, जो काँग्रेस के वरिष्ठ नेता भी थे, ने खास तौर पर इसी फिल्म के लिए की थी। दिखा तो वह कौआ इस फिफल्म में भी नहीं था। जाहिर है जब दिखा ही नहीं तो काटता कैसे? नाचती-गाती अभिनेत्री जब देखती है कि उसका सैंया उसकी सौत लाने की बात कर रहा है तो वह, यह सच जानते हुए भी कि उसका सैंया उससे झूठ बोल रहा है, सौत के डर से मायके जाने का विचार तजते हुए खुशी-खुशी उसके साथ नाचती-गाती रहती है। कुछ इसी तरह भारतीय राजनीति में सैंया अर्थात पार्टी की खातिर सच को संसद के द्वार के बाहर आसानी से छोड़ कर नाचत-गाते सांसद कभी झूठ बोलते हैं तो कभी धींगामुश्ती करते नजड्ड आते हैं। ऐसे में जब सैंया कोतवाल हों अर्थात सरकार अपनी हो तो सच-झूठ का झंझट भी खत्म हो जाता है। कभी भी और कहीं भी आसानी से झूठ पेला जा सकता है। द्वापर में श्री कृष्ण ने अपने पक्ष की सुविधा के हिसाब से झूठ बोल कर, उसे धरम के फेविकोल से चिपका दिया था। सवाल ताकत और समय का है।

फिलहाल, पुतिन यूक्रेन पर अपना सच चिपका रहे हैं। सरकारी नियमावली के अनुसार ह्यबॉस इज नेवर राँगह्ल होता है। संदर्भावली में भी इसी तथ्य की पुष्टि की गई है कि चाहे बॉस गधा ही क्यों न हो, ह्यबॉस इज नेवर राँगह्ल, और जो अक्सर होता भी है। लेकिन बात है ताकत और समय की। बाकी बचा व्याख्याओं की भेंट चढ़ जाता है। सवाल है कि कौआ सच बोलने पर काटता है या झूठ बोलने पर। मेरा अनुभव कहता है कि सच या झूठ बोलने पर कौआ कभी नहीं काटता। सच कहूँ तो ऐसा कौआ होता ही नहीं, जो किसी को काटे। मौके पर जिसका जोर ज्यादा होता है, वही प्रधान हो जाता है। त्रेता में जब रावण का जोर चला, सीता हरी गई। जब राम की शक्ति चली तो रावण मारा गया। विष्णु की चली तो महेश या नारद ठगे गए या फिर दानव। इसीलिए लगता है कि झूठ बोलना काफी हद तक स्वाभाविक है। दार्शनिक डेविड लिविंगस्टोन कहते हैं कि प्रकृति धोखे से भरी हुई है, वायरस जिस शरीर में रहते हैं, उसी की प्रतिरक्षा प्रणाली को ठगते हैं। गिरगिट शिकारियों को धोखा देने के लिए रंग बदलते हैं। सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट को गढड्डे वाले इसके प्रथम प्रस्तावक ब्रिटिश दार्शनिक हरबर्ट स्पेंसर थे। लेकिन इसे चार्ल्स डार्विन की सर्वाइवल थ्योरी की तरह खूब इस्तेमाल किया जाता है।

संस्कृत में इस वाक्य को दूसरी तरह से कहा गया है, ह्यदैवो दुर्बलघातकःह्ल अर्थात भगवान भी दुर्बल को ही मारते हैं। ऐसे में सच-झूठ का सवाल ही कहाँ बचा, जो दुर्बल होगा, मारा जाएगा। भगवान ने मारा या इन्सान ने, बात मौके की है। महाभारत युद्ध में जब गुरु द्रोणाचार्य ने धर्मराज युधिष्ठिर से अश्वत्थामा की मृत्यु का सत्य जानना चाहा तो युधिष्ठिर का उत्तर था ह्यअश्वत्थामा हतः इति नरो वा कुंजरो वाह्ल, यानी अश्वत्थामा मारा गया, लेकिन मुझे पता नहीं कि वह नर था या हाथी। इसका अर्थ है कि अगर हमारे सच से अपना कोई नुकसान होता है तो उस वक्त पूरा सच बोलना जरूरी नहीं।

TITLE CODE:-DELHIN29015

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक मो. अकिलुर रहमान द्वारा आरडी प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड नोएडा से मुद्रित व जे-29, जे-एक्स. गली नं-9, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी प्रकार के विवादित मामलों का निपटारा दिल्ली के न्याय क्षेत्र में ही होगा।
संपादक: मो. अकिलुर रहमान
E-mail : rajnitikdaon@gmail.com
Mob-9560268603

# साम्प्रदायिक भाइचारे से खिलवाड़ कब तक?



ललित गर्ग

देश लम्बे समय से शांत था, एकाएक एक वर्ग-विशेष एवं कतिपय राजनीतिक दलों को यह शांति, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं अमन-चैन की स्थितियां रास नहीं आयी और उन्होंने साम्प्रदायिक भाईचारे एवं सौहार्द को खण्डित करने का सफल षडयंत्र रच दिया। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दो अलग-अलग मामलों में यह बिल्कुल साफ कर दिया कि देश के सांप्रदायिक भाईचारे से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी और इसके लिए शीर्ष अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकते। राष्ट्रीय एकता-अखण्डता, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति-व्यवस्था को किसी भी जाति एवं धर्म का व्यक्ति आहत करें, उसकी निन्दा ही नहीं, कठोर कार्रवाही होनी ही चाहिए। ऐसी घटनाओं के प्रति न्यायालय जागरूक हो, उससे पहले समाज को जागरूक होना चाहिए। हम अलविदा करें उन सब साम्प्रदायिक दुराग्रहों एवं संकीर्णता की बदलती पयार्यों और परिणामों को जो हमें विकास, आपसी भाईचारे, प्रेम, सुयश के साथ-साथ जीवन की शांति एवं समाधि से वंचित रख देते हैं। दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होते हुए हमें उन सभी सवालों के उत्तर खोजने होंगे जो हमारी सौहार्द एवं शांति की संस्कृति पर प्रश्नचिन्ह खड़े करते हैं। बड़ा प्रश्न है कि साम्प्रदायिक नफरत एवं द्वेष के वातावरण में भारत कैसे शक्तिशाली बन सकेगा?

साम्प्रदायिक हिंसा, नफरत एवं द्वेष की स्थितियां दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल ही नहीं, अब तो राजस्थान जैसे शांति एवं सौहार्दप्रिय प्रांत में राजनीतिक आग्रह का कारण बन रही है। अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करने के लिये बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को आहत करना राजनीतिक दुराग्रह का द्योतक है। साम्प्रदायिक संकीर्णता एवं हिंसा रूपी कोढ़ ह्वमाँह्ल के शरीर पर चिपके हुए हैं। ये तो वो फोड़े हैं जो मिटते नहीं, रिसते रहते हैं। एक बात समझ में नहीं आती कि वर्षों से साथ-साथ रहने वाले लोग एक मिनट में ही कैसे जान के दुश्मन हो जाते हैं। जो बीत गया वह झूठ था या यह जो घट रहा है वह झूठ है। और हां ये सब दंगे त्यौहारों, पर्वों पर ही क्यों होते हैं? ये तो जिस किसी के हैं, 'पवित्रता' का ही बोध कराते हैं।

त्यौहार, जो भाईचारे के, पवित्रता के , प्रकाश के, रंगों के, अच्छाइयों के, यूं कहें जीवन मूल्यों के प्रतीक थे। संस्कृति, सभ्यता के बेशकीमती तानों-बानों से गुंथे हुए थे। ये आज भी ताज से उजले, गंगा से पावन, कुतुबमीनार जैसे ऊंचाई लिए हुए, भाखड़ा जैसे जीवनदायी और अपने में महापुरुषों का संदेश संजोए हुए हैं। जो यह हम हैं कि इन सबसे परिचित नहीं हो रहे हैं, लगता है हमारी पात्रता में ही कहीं सुराख हो गए हैं। रामनवमी से अब तक देश में सांप्रदायिक हिंसा की कई घटनाएं हो चुकी हैं और इन वारदातों का दायरा लगभग एक दर्जन राज्यों में फैल चुका है। ऐसे में, सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणियां काफी महत्वपूर्ण हैं। यदि शीर्ष अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होने लगे, तो प्रशासनिक लापरवाही की गुंजाइश ही नहीं रह बचेगी। दोषी व्यक्तियों के प्रति निष्पक्षता से कानूनी कार्रवाही होने लगे तो विखण्डन एवं विद्वेष की खाइयां चोड़ी नहीं होगी, बल्कि इन्हें बार-बार दोहराने का अपराध करने वाले भी सहमेंगे।





यह जानते हुए कि सांप्रदायिक हिंसा से न सिर्फ पूरा सामाजिक ताना-बाना प्रभावित होता है, जान-माल की क्षति होती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल होती है, हमारा तथाकथित राजनीतिक अमला एवं संकीर्ण एवं देश तोड़क साम्प्रदायिक शक्तियां प्रायः बेहतर नजीर नहीं पेश कर पाती। समाज के अगुवा लोग भी अब बहुत सक्रिय नहीं दिखते। कैसी विसंगतिपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां हैं कि लोग नुकसान हो जाने के बाद तिरंगा यात्रा या सद्भावना यात्रा निकालते हैं, जबकि उस समय वे गायब रहते हैं जब उनकी रहनुमाई एवं सद्भावना प्रयासों की सबसे अधिक जरूरत हिंसा के समय होती है। यह बड़ा एवं स्पष्ट तथ्य है कि यदि कानून-व्यवस्था जागरूक हो तो प्रशासनिक इच्छाशक्ति की बदौलत संप्रदायों के असामाजिक तत्वों को सिर उठाने से रोका जा सकता है, ऐसा हुआ है और भविष्य में अधिक प्रभावी ढंग से हो सकता है।

यह लाल और काले धब्बे, लाशें और जले हुए मकान- आदमी की जानवर बन जाने की कहानी चीख-चीख कर कह रहे हैं। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है। खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी राष्ट्रीय सोच को है जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरी उतरी है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं। वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो नैतिक दायित्व भी हैं। देश, सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। जब जान (अस्तित्व) खतरे में हो, तब दोस्त का भी विश्वास मत करो और जब दोस्त खतरे में हो तो जान की भी परवाह मत करो। यह बात एक जानवर भी जानता है। भयंकर साम्प्रदायिक हिंसा एवं नफरत के दौर से गुजर कर देश अभी शांत दिखाई दे रहा था। लेकिन इस शांति को ग्रहण किसने लगाया? यह आंकने का और सजगता बरतने का वक्त है। यह संकट इससे पूर्व के संकटों से ज्यादा अभूतपूर्व है। क्योंकि उस वक्त शासन करने एवं साम्प्रदायिकता फैलाने वाले एक ही थे। लेकिन आज उसका सामना करने वाले पहले से अधिक कद्दावर नेता हैं जो आपसी मतभेदों से देशहित ऊपर मानते थे, जो राष्ट्रीयता, भारतीयता चाहते हैं। इन्हीं की राष्ट्रीय जिजीविषा के कारण भारत ने अनेक आंधियां अपने सीने पर झेली हैं, तूफान झेले हैं पर भाईचारे के इस दीपक को बुझने न दिया। कोई भी परिवार, समुदाय या राष्ट्र एक-दूसरे के लिए कुबार्नी करने पर ही बने रहते हैं। क्या देशवासी एकजुट होकर पूर्वाग्रह उत्सर्ग करने के लिए तैयार होंगे। यह आज सबसे बड़ा राष्ट्रीय प्रश्न है और समय की मांग है, जो शताब्दियों में किसी राष्ट्र के जीवन में कभी-कभी आता है। अतीत का जीया गया वह काला कालखण्ड जिसने हमारी समृद्ध एवं गौरवपूर्ण संस्कृति को धूमिल कर दिया, कम-से-कम मन एवं मानसिकता को अनुमति सिर्फ इतनी-सी दे कि फिर ऐसा कुछ न हो, जिससे भारत की संस्कृति एवं राष्ट्रीयता को आहत करने की पुनरार्वृत्ति हो।

यह तो सर्वविदित एवं सामान्य समझ की बात है कि सामाजिक उथल-पुथल देश की आर्थिक तरक्की को प्रभावित करती है। इससे निवेशक बिदकते हैं और राज्य की जो ऊर्जा तरक्की में लगनी चाहिए, वह सामाजिक सौहार्द की बहाली में खर्च करनी पड़ती है। विभिन्न राज्यों के पिछड़ेपन का एक बड़ा कारण सांप्रदायिक तनाव रहा है। इसलिए सरकारों को ऐसे मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए। यह देखना सुखद है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ एवं उनकी सरकार के सख्त और संतुलित रुख के कारण मंदिरों और मस्जिदों ने साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये कई कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। किसी भी धर्म में धर्मगुरुओं व पंथ-प्रधानों का काम गुमराह लोगों को सही रास्ता दिखाना होता है, इसकी एक सुदीर्घ परंपरा भारत में रही है, मगर धर्म की आड़ में राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की खेती अब इसे नुकसान पहुंचाने लगी है।

# विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 वर्चुअल मनाया गया



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर 26 अप्रैल 2022 को विश्व बौद्धिक संपदा (आईपी) दिवस मनाया गया इस वर्ष की थीम बौद्धिक संपदा और युवा - बेहतर भविष्य के लिए नवाचार थी। इस वर्ष कोरोनावायरस महामारी के कारण, सुरक्षित रहना आवश्यक है, इसलिए विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) ने किसी भी भौतिक आयोजन का आयोजन नहीं किया था, और विश्व आईपी दिवस के समुदाय को आभासी चैनलों के माध्यम से मनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिन लोगों को यह बताने के लिए मनाया जाता है कि कैसे बौद्धिक संपदा (आईपी)अधिकार नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। विश्व आईपी दिवस नवाचार डालता है और हरित भविष्य बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है। यह हमारी धरती को हमारे घर की देखभाल करने की आवश्यकता पर बल देता है।

साथियों इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 युवाओं के लिए यह पता लगाने का अवसर है कि कैसे बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार उनके लक्ष्यों को हासिल करने में मदद कर सकते हैं, उनके विचारों को वास्तविकता में बदलनेमें सहायता कर सकते हैं, आय उत्पन्न कर सकते हैं, रोजगार पैदा कर सकते हैं और अपने आसपासकी दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके प्रकारों में कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, भौगोलिक संकेत, व्यापक रहस्य यह जानकारों पर आईपी अधिकार है जिन्हें बेचा या जिनका लाइसेंस प्राप्त किया जा सकता है।

साथियों विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 युवाओं के लिए यह पता लगाने का अवसर है कि कैसे बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार उनके लक्ष्यों को हासिल करने में मदद कर सकते हैं, उनके विचारों को वास्तविकता में बदलने में सहायता कर सकते हैं, आय उत्पन्न कर सकते हैं, रोजगार पैदा कर सकते हैं और अपने आसपास की दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

साथियों बात अगर हम विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2022 को मनाने की करें तो भारतमें भी कोरोना महामारी की अभी चौथी लहर दस्तक दे रही इसलिए प्रत्यक्ष रूप से कोई उत्साह और आयोजन नहीं हुआ बल्कि महामारी के सुरक्षात्मक उपायों व्यवस्था व अन्य बारेमें दिनांक 27अप्रैल 2022 को पीएम द्वारा भी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की वर्चुअल मीटिंग ली गई वह अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई।

साथियों इस दिवस को वैसे हम भव्यता से मनाते हैं। हर साल विश्व बौद्धिक संपदा दिवस को बढ़ावा देने के लिए, डब्ल्यूआईपीओ सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों,सामुदायिक समूहों और व्यक्तियों की कई एजेंसियों के साथ मिलकर कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करता है। स्टेज कॉन्सर्ट या विभिन्न सार्वजनिक प्रदर्शन विश्व आईपी दिवस थीम पर केंद्रित हैं। विश्व आईपी दिवस की थीम पर युवाओं के लिए निबंध प्रतियोगिताएं। आईपी और इसके लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कई विश्वविद्यालयों में सेमिनार या मुफ्त व्याख्यान प्रदान किए जाते हैं। नवाचार और बौद्धिक संपदा के बीच की कड़ी को समझाने के लिए विश्व आईपी दिवस पर संग्रहालयों, कला दीघाओं, स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। 26 अप्रैल कुछ स्थानीय बौद्धिक और कॉपीराइट कार्यालय विश्व आईपी दिवस को बढ़ावा देने के लिए खुले रहे। लेकिन कोविड-19 के कारण, इस वर्ष उत्सव डब्ल्यूआईपीओ किसी भी उत्सव का आयोजन नहीं किया है। प्रत्यश उत्सव नहीं हुआ, सुरक्षित रहना और उचित सावधानी बरतना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम इस दिवस को मनाने के उद्देश्यों की करें तो, इस आयोजन की स्थापना इस पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन दैनिक जीवन पर कैसे प्रभाव डालते हैं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। रचनात्मकता का जश्न मनाने के लिए, और विकास के लिए रचनाकारों औरनवप्रवर्तनकताओं द्वारा किए गए योगदान का जश्न मनाने के लिए की गई थीं।

बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को और बढ़ावा देने के लिए, दुनिया भर में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव का विस्तार करने के लिए, देशों से बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए, बौद्धिक संपदा अधिकारों के बारे में सार्वजनिक कानूनीजागरूकता बढ़ाने, आविष्कार नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न देशों में गतिविधियों और बौद्धिक संपदा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय विनिमय को मजबूत करना प्रमुख उद्देश्य है।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष 2022 की थीम, आईपी और युवा - बेहतर भविष्य के लिए नवाचार की करेंतो विश्व बौद्धिक संपदा 2022 नए और बेहतर समाधान खोजने के लिए युवाओं की विशाल क्षमता को पहचानती है जो एक स्थायी भविष्य के लिए संक्रमण का समर्थन करते हैं। दुनिया भर में, युवा अपनी ऊर्जा और सरलता, जिज्ञासा और रचनात्मकता का उपयोग करके बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए नवाचार चुनौतियों की ओर बढ़ रहे हैं। ऊजार्वान और रचनात्मक दिमाग उन परिवर्तनों को आगे बढ़ाने में मदद कर रहे हैं, जिनकी हमें स्थायी भविष्य में आवश्यकता है। आज के युवासरलता और रचनात्मकता के स्रोत हैं। उनके नई सोच, नया नजरिया, ऊर्जा, जिज्ञासा और हम सब कर सकते हैं। यह विश्वास, बेहतर भविष्य के लिए उनकी भूख से हम सब परिचित हैं।

साथियों बात अगर हम युवाओं की करें तो आज के युवा कल के भविष्य हैं, निमार्ता और उद्यमी हैं, अपनी कुशल बौद्धिक क्षमता के बल पर रचनात्मकता और सरलता से सभी क्षेत्रों में बदलाव ला सकते हैं!! बेहतर भविष्य का मार्ग तैयार कर रहे हैं जो हमें हमारे लक्षित कई विजन जैसे विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, विजन नया भारत ने लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने में महत्वपूर्ण रोल अदा करेंगे।

साथियों बात अगर हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग में भारत के बेहतर प्रदर्शन की करें तो, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन हर साल के प्रदर्शन के आधार पर ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग पर रिपोर्ट बनाता है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2021 रैंकिंग में भारत 2 स्थान चढ़ गया है और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा 46 वें स्थान पर है।

# वैश्विक प्राकृतिक और मानसिक असंतुलन का नतीजा, खतरनाक करोना

## (क्या करोना हर वर्ष अपने को दोहराएगा?)



संजीव ठाकुर

करोना कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल,आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा,पीतल, तांबा,सोना,चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषण हमारी आधुनिक जीवन शैली के कारण बुरी तरह से शहरों में फैला हुआ है।पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान असंतुलन भी वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की मौत का कारण बना। प्रकृति के इस भयानक असंतुलन के कारण हर शहर हर देश में लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पर मानसिक असंतुलन के कारण न सिर्फ मानव शरीर नष्ट हो रहा है, बल्कि लाखों निरीह जानवर, जीव,जंतु भी मौत के घाट उतार दिए गए। चीन और विश्व के आदिवासी बाहुल्य देश के लोग सांप बिच्छू, चमगादड़ एवं अन्य जीव-जंतुओं का शिकार कर अपने मानसिक असंतुलन का परिचय देकर अपने पेट के दावानल को शांत कर रहे हैं। ऐसा सामान्य मनुष्य सोच भी नहीं सकता। ऐसे में प्रकृति भी इस प्राकृतिक असंतुलन तथा मानसिक दिवालियापन को आत्मसात ना करके प्रक्रियागत नाना प्रकार की बीमारियों तथा मृत्यु के अनेक कारणों को जन्म दे रही है। बहुत महत्वपूर्ण बात यह है की वैश्विक स्तर पर करोना ने अलग-अलग देशों में लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। और इस महामारी के जनक चीन पर कोई क्रिया प्रतिक्रिया या व्यापारिक सामाजिक नागरिक रोक तथा प्रतिबंध लगाने पर किसी भी देश में संगठित होकर विचार नहीं किया। चीन द्वारा यह एक तरह का केमिकल अस्त्र इस्तेमाल कर अपनी मानव विरोधी मानसिक स्थिति को उजागर किया है।आपको ऐसा नहीं लगता है कि चीन इसी तरह के अन्य रासायनिक अथवा जैविक अस्त्रों का इस्तेमाल कर पूरे विश्व को एवं मानव जाति को भविष्य में भी खतरे में डाल सकता है, क्योंकि चीन और वहां का शासन तंत्र पूरी तरह अपने औपनिवेशिक वादी और विस्तार वादी इरादों को लेकर पूरी तरह कटिबद्ध है। चीन की साजिश के तहत यह वायरस पूरे विश्व में फैला है। अतः वैश्विक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ को वैश्विक स्तर पर विश्व के हर राष्ट्र पर इस तरह के किसी भी रासायनिक अथवा जैविक प्रयोग पर तुरंत प्रतिबंध लगाकर उसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सदस्यता से निष्कासित कर, इस घृणित कार्य के लिए प्रताड़ित एवं प्रतिबंधित किया जाना चाहिए ,अन्यथा मानव जाति का भविष्य इसी तरह के रसायनिक तथा जैविक हथियारों की बलि चढ़ता रहेगा एवं उत्तर कोरिया तथा चीन जैसे देशों के हुक्मरानों के मानसिक दिवालियापन के कारण अनेक खतरनाक एवं शरीर को नष्ट करने वाले केमिकल अस्त्र शस्त्र भविष्य में संपूर्ण मानवीय जीवन से भी खेलते रहेंगे और लोग इसी तरह मृत्यु की भेंट चढ़ते रहेंगे, यह एक वैश्विक समस्या बनकर सामने खड़ी हुई है। इसका निदान अत्यंत आवश्यक है।

# इंडोनेशिया में पाम आयल निर्यात की पाबंदी से भारत पर असर की संभावना कमः क्रिसिल रिसर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेटिंग और बाजार परामर्श एजेंसी क्रिसिल रिसर्च की मंगलवार को जारी एक ताजा रिपोर्ट में इंडोनेशियों से पाम आयल निर्यात पर रोक के ताजा स्पष्टीकरणों का हवाला देते हुए कहा गया है कि इससे भारत के बाजार पर कोई खास असर पड़ने की संभावना नहीं है। रपट के अनुसार इंडोनेशिया ने कच्चे पाम तेल आरबीडी पाम तेल के निर्यात पर पाबंदी नहीं लगायी है जो भारत की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

CRISIL
An S&P Global Company

क्रिसिल रिसर्च के निदेशक, पुषन शर्मा का कहना है कि 26 अप्रैल को जारी इंडोनेशियाई अधिकारियों के नवीनतम स्पष्टीकरण के अनुसार, पिछले सप्ताह घोषित निर्यात प्रतिबंध में आरबीडी ओलियन के निर्यात को रखा गया है। उसमें कच्चे पाम तेल (सीपीओ) और आरबीडी पाम तेल के नियार्ता पर पाबंदी नहीं है।

क्रिसिल रिसर्च के निदेशक की इस रपट के अनुसारी भारत ने नवंबर-मार्चह्ल22 के दौरान 56.4 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया, जिसमें से 47% माल खाद्य पाम तेल और उसके ब्यूत्पादों ( डेरिवेटिव) का था। इस तरह पाम तेल और उसके उत्पाद का आयात इस दौरान 26 लाख 50 हजार टन के करीब बनाते हैं। इसमें इंडोनेशियाई बाजार की हिस्सेदारी 37% है जबकि मलेशिया और थाईलैंड ने शेष 63% का योगदान दिया है।

क्रिसिल रिसर्च के श्री शर्मा ने भारत में खाद्य तेल उद्योग संघ-सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के हवाले से कहा है कि इंडोनेशिया से कुल पाम के तेल का आयात 9.8 लाख टन के करीब था, जिसमें से सीपीओ और आरबीडी पामोलिन पांच लाख टन और 4.8 लाख टन था। उद्योग के लोगों के अनुसार, रिफाइंड पाम तेल और आरबीडी ओलीन मिश्रित हैं और इस प्रकार इस 4.8 लाख टन आरबीडी आयात में से ओलियन का हिस्सा 2.5 लाख टन के करीब होगा।

इसकी भरपाई आने वाले महीनों में मलेशिया और थाईलैंड के बाजार से हो सकती है।

क्रिसिल रिसर्च के विश्लेषण में कहा गया गया है कि 25 अप्रैल को आयातित क्रूड पाम ऑयल (सीपीओ) और आरबीडी की अंतिम लागत क्रमशः 1553 डालर प्रति टन और 1557 डालर प्रति टन पड़ा था।

क्रिसिल रिसर्च का कहना है कि हालांकि आरबीडी ओलियन पर प्रतिबंध लगाने के लिए इंडोनेशिया का यह कदम अल्पकालिक मूल्य अस्थिरता पैदा कर सकता है और यह भारतीय खाद्य तेल रिफाइनरों के लिए अनुकूल होगा क्योंकि इससे देश में सीपीओ आयात का हिस्सा बढ़ेगा।

एजेंसी ने कहा है कि भारत सरकार स्थानीय रिफाइनिंग उद्योग को समर्थन देने के लिए रिफाइंड तेलों के बजाय कच्चे पाम तेल के आयात को अधिक महत्व देती है। इसलिए कच्चे और रिफाइंड तेल के बीच शुल्क अंतर भी 8.25% रखा गया है। जनवरी 2020 में, भारत सरकार द्वारा रिफाइंड पाम तेल के आयात पर लाइसेंस या इनबाउंड शिपमेंट की अनुमति के लिए अनिवार्य आवश्यकता के साथ प्रतिबंध भी लगाए गए थे। परिणामस्वरूप, वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 2020 में आरबीडी विदेशी आयात में 85% की गिरावट आई। इसे एक वर्ष के बाद जनवरी2021 के दौरान खोला गया और दिसंबर 2022 तक मुक्त व्यापार नीति की सूची में आरबीडी ओलियन को जोड़ा गया।

# लिथियम अर्बन को 5,000 इलेक्ट्रिक कारों की आपूर्ति करेगी टाटा मोटर्स




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल के बेहतर विकल्प के तौर पर उभरे इलेक्ट्रिक वाहनों की दुनिया में टाटा मोटर्स इस समय अव्वल है। टाटा मोटर्स ने 2 अप्रैल को एक ही दिन में 712 इलेक्ट्रिक कारों की डिलीवरी की थी। कंपनी ने महाराष्ट्र और गोवा के विभिन्न शहरों में लोगों तक कार की चाबी सौंपी थी। 22 अप्रैल को कंपनी ने चेन्नई में 101 इलेक्ट्रिक कारों की डिलीवरी की थी। इनमें 70 नेक्सन ईवी और 31 टिगोर ईवी इलेक्ट्रिक कार शामिल थीं। टाटा मोटर्स का कहना है कि अब वह लिथियम अर्बन को 5000 इलेक्ट्रिक कारों की सप्लाई करेगी। कंपनी ने कहा है कि उसने इलेक्ट्रिक व्हीकल पर आधारित शहरों में ट्रांसपोर्ट सर्विस मुहैया कराने वाली लिथियम अर्बन टेक्नोलॉजीज के साथ इलेक्ट्रिक कारों की आपूर्ति के लिए एक सौदा किया है। इस सौदे के अंतर्गत लिथियम अर्बन कर्मचारियों के परिवहन के लिए देशभर में 5,000 टाटा एक्सप्रेस-टी इलेक्ट्रिक कारों को तैनात करेगी। टाटा मोटर्स कई चरणों में इन इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति करेगी और अगले साल तक डिमांड पूर कर देगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने मीडिया को बताया कि लिथियम अर्बन के साथ यह समझौता साझा गतिशीलता वाले क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने बताया कि उन्हें लिथियम अर्बन टेक्नोलॉजीज के साथ अपनी लंबी साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए खुशी हो रही है। लिथियम अर्बन टेक्नोलॉजीज के संस्थापक संजय कृष्णन ने कहा कि 5,000 वाहनों का यह ऑर्डर असल में लिथियम और टाटा मोटर्स के अलावा समूची ईवी पारिस्थितिकी के लिए एक अहम मौका है। टाटा मोटर्स ने जुलाई, 2021 में फ्लीट सेवा ग्राहकों के लिए ह्यएक्सप्रेसह्ल ब्रांड टाटा-टी इलेक्ट्रिक सिडान) लॉन्च किया था। इसका 21.5 किलोवाट बैटरी पैक 213 किलोमीटर का रेंज देता है। वहीं, 16।5 किलोवाट बैटरी पैक 165 किलोमीटर का रेंज देता है। एक्सप्रेस-टी शुरूआती तौर पर टाटा टिगोर ईवी का रीब्रांडेड मॉडल है। एफएएमई सब्सिडी के तहत भारतीय बाजार में टाटा एक्सप्रेस-टी की शुरूआती कीमत 9.54 लाख रुपये है, जो 10.64 लाख रुपये तक जाती है। कंपनी के मुताबिक 16.5 किलोवाट बैटरी पैक को 0-80 फीसदी चार्ज होने में 90 मिनट का समय लगता है।

# एलआईसी का आईपीओ निवेश के लिए 4 मई, 2022 को खुलेगा : दीपम सचिव

- एलआईसी के आईपीओ को लॉन्चा करने की तारीख का ऐलान करते दीपमसचिव और अन्यी
- एलआईसी आईपीओ के लिए कीमत का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर तय

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का इंतजार कर रहे निवेशकों के लिए बड़ी खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आईपीओ को लॉन्च करने की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि एलआईसी का आईपीओ निवेश के लिए 4 मई, 2022 को खुलेगा। इसका आकार 21 हजार करोड़ रुपये रखा गया है। पांडे ने बताया कि एलआईसी आईपीओ के लिए कीमत का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आईपीओ बिक्री पेशकश के रूप में है। इस ऑफर के जरिए सरकार एलआईसी में अपनी 22.13 करोड़ शेयर यानी 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी। तुहिन कांत पांडे ने आगे कहा कि एलआईसी के आईपीओ से सरकार 20,557 करोड़ रुपये जुटाएगी। उन्होंने कहा कि एंकर निवेशकों के लिए यह मेगा आईपीओ 2 मई को खोल दिया जाएगा, जबकि सब्सक्रिप्शन के लिए यह इश्यू 4 मई से लेकर 9 मई, 2022 तक खुला रहेगा। दीपम सचिव ने बताया कि आईपीओ में रिटेल निवेशकों और पात्र कर्मचारियों को 45 रुपये प्रति शेयर की छूट मिलेगी, जबकि पॉलिसी धारकों को 60 रुपये प्रति शेयर की छूट देने का फैसला किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार ने फरवरी में देश की सबसे बड़ी दिग्गज बीमा कंपनी एलआईसी में अपनी 5 फीसदी हिस्सेदारी यानी 31.6 करोड़ शेयर बेचने की योजना बनाई थी।

# शेयर बाजार में कमजोरी का रुख, सेंसेक्स 408 अंक तक लुढ़का




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चौबीस घंटे पहले मंगलवार की मजबूती के बाद आज एक बार फिर घरेलू शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार करता नजर आ रहा है। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में तेजड़ियों ने बाजार में कई बार खरीदारी करके सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की, लेकिन लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये दोनों सूचकांक दबाव में ही काम कर रहे हैं। शेयर बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ की और बीच में हुई मामूली लिवाली के बावजूद अभी लगातार लाल निशान में ही कारोबार कर रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 372.93 अंक की कमजोरी के साथ 56,983.68 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बाजार को खरीदारी का सहारा भी मिला, जिसके कारण पहले 15 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स उछल कर 57,068.30 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद हुई बिकवाली ने इस सूचकांक को दोबारा गोता लगाने के लिए मजबूर कर दिया।


बाजार में रुक रुक कर लिवाली की कोशिश भी हो रही है, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक है की लिवालों की खरीदारी से सेंसेक्स को कोई ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा है। लगातार हो रही खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 408.34 अंक की गिरावट के साथ 56,948.27 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 127.45 अंक की कमजोरी के साथ 17,073.35 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में निफ्टी को भी एक बार लिवाली का सपोर्ट मिला, जिसके कारण ये सूचकांक उछल कर 17,110.70 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन उसके बाद हुई बिकवाली ने निफ्टी को वापस नीचे की ओर धकेल दिया।

बाजार में रुक रुक कर हो रही लिवाली से निफ्टी को बीच-बीच में सपोर्ट जरूर मिल रहा है, लेकिन बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक लगातार नीचे गिरने की गति ही बनाए हुए है। लगातार हो रही खरीदारी और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 141.90 अंक की गिरावट के साथ 17,058.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## मनोरंजन





# शाहरुख के साथ स्क्रीन साझा करने के मौके का इंतजार उर्वशी रौतेला

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को 17 अप्रैल को बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के साथ देखा गया था। उसके बाद से प्रशंसकों ने शाहरुख के साथ सोशल मीडिया पर पागलपंती की अभिनेत्री को ट्रेंड करा दिया और कहा कि वे दोनों को स्क्रीन पर रोमांस करते देखना चाहते हैं। जब उर्वशी से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे प्रशंसक मुझसे इतना प्यार करते हैं कि वे अब मुझे जानते हैं। मैं वास्तव में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा करने के अवसर की कामना और इंतजार करती हूं। यह किसी भी अभिनेत्री का सपना है। आशा है कि यह जल्द ही होगा। उर्वशी जिन्हें मिस दिवा यूनिवर्स 2015 का ताज पहनाया गया था और बाद में उन्होंने मिस यूनिवर्स 2015 पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह मिस यूनिवर्स पेजेंट 2021 की पहली सबसे कम उम्र की जज भी थीं, जिनके सोशल मीडिया पर 4.8 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वह आगे कहती हैं, सोशल मीडिया प्रशंसकों के संपर्क में रहने का एक आसान तरीका बन गया है। लोगों से मिल रहे बेइंतहा प्यार पर खुश होते हुए रौतेला ने कहा कि वह केवल अपने दर्शकों का मनोरंजन करना चाहती हैं और उनके दिल जीतना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वे उनके परिवार के सदस्यों की तरह ही हैं। अभिनेत्री अगली बार अमेरिकी गायक-गीतकार जेसन डेरुलो के साथ आगामी म्यूजिक वीडियो और रणदीप हुड्डा के साथ एक बॉलीवुड फिल्म इंस्पेक्टर अविनाश में दिखाई देंगी।



# कान फिल्म महोत्सव की जूरी का हिस्सा होंगी दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण 2022 के कान फिल्म महोत्सव में प्रतियोगिता जूरी का हिस्सा होंगी। आयोजकों ने यह जानकारी दी। फ्रांसीसी अभिनेता विंसेंट लिंडन महोत्सव के 75वें संस्करण में जूरी का नेतृत्व करेंगे, जो 17 मई से 28 मई तक चलेगा। यह घोषणा महोत्सव के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से मंगलवार देर शाम की गई। पादुकोण आठ सदस्यीय जूरी का हिस्सा हैं, जो 28 मई को समापन समारोह के दौरान पाल्मे डीह्लओर के साथ प्रतिस्पर्धा में शामिल 21 फिल्मों में से एक को पुरस्कृत करेंगी। जूरी के अन्य सदस्यों में अभिनेता-फिल्म निमार्ता रेबेका हॉल, स्वीडिश अभिनेता नूमी रैपेस, इतालवी अभिनेता-निर्देशक जैस्मीन ट्रिनका, ईरानी फिल्म निमार्ता असगर फरहादी, फ्रांसीसी फिल्म निमार्ता-अभिनेता लाड्ज ली, फिल्म निमार्ता जेफ निकोल्स और नॉर्वे के निर्देशक-पटकथा लेखक जोआचिम ट्रायर शामिल हैं। महोत्सव की आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, लिंडन ने कहा कि जूरी भविष्य की फिल्मों के लिए सर्वोत्तम संभव का प्रयास करेगी। 36 वर्षीय पादुकोण इससे पहले दो साल तक जियो मामी मुंबई फिल्म महोत्सव की चेयरपर्सन थीं। पादुकोण के पास परियोजनाओं की एक व्यस्त सूची है,जिसमें शाहरुख खान के नेतृत्व वाली 'पठान', ऋतिक रोशन के साथ 'फाइटर', प्रभास के साथ एक बिना शीर्षक वाली फिल्म और हॉलीवुड फिल्म 'द इंटर्न' का हिंदी रीमेक शामिल है।

## देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करेंगी सारा अली खान



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान देशभक्ति पर आधारित फिल्म में काम करती नजर आयेंगी। बॉलीवुड में चर्चा है कि सारा अली खान जल्द ही स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित फिल्म में नजर आने वाली हैं। कानन अय्यर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सारा मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्से को शूट कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि देशभक्ति से प्रेरित इस फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मैटिक एंटटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है और यह फिल्म ओटीटी प्लेट फॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

# पाक : बिलावल भुट्टो ने ली विदेश मंत्री पद की शपथ

## मरियम नवाज ने पासपोर्ट के लिए हाईकोर्ट से याचिका वापस ली

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली नई सरकार में विदेश मंत्री का ओहदा दिया गया है। जरदारी ने बुधवार को इस पद की शपथ ग्रहण की। दूसरी ओर, देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज ने अपना पासपोर्ट पाने के लिए लाहौर हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस ले ली है।



राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने 33 वर्षीय बिलावल भुट्टो जरदारी को राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक साधारण समारोह में विदेश मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद रहे। शपथ लेने से लगभग एक सप्ताह पहले बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ से लंदन में मुलाकात की थी। इस दौरान नवाज शरीफ और जरदारी ने देश में राजनीतिक हालात पर चर्चा की थी और राजनीतिक व राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर साथ मिल कर काम करने का संकल्प लिया था। पीपीपी पाकिस्तान में वर्तमान गठबंधन सरकार की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पिछले सप्ताह नई कैबिनेट गठन के पहले चरण में बिलावल भुट्टो जरदारी की गैरमौजूदगी ने कई सवाल खड़े किए थे।

### पाक के सबसे युवा विदेश मंत्री बने बिलावल जरदारी

महज 33 साल की उम्र में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बनने वाले बिलावल भुट्टो जरदारी यह पद संभालने वाले सबसे युवा नेता बन गए हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के युवाओं को कभी भी अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश नहीं छोड़नी चाहिए। कुछ भी असंभव नहीं है। शपथ ग्रहण करने के बाद जरदारी ने प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक भी की। वहीं दूसरी और पीएमएल-एन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मरयम नवाज ने बुधवार को लाहौर हाईकोर्ट में दाखिल अपनी एक याचिका वापस ले ली है। यह याचिका उन्होंने अपना पासपोर्ट पाने के लिए दाखिल की थी ताकि वह उमरा तीर्थयात्रा करने के लिए सऊदी अरब की यात्रा कर सकें। 48 वर्षीय मरयम ने हाईकोर्ट में अपना पासपोर्ट 2019 के एक भ्रष्टाचार के मामले में जमानत के लिए जमा किया था। नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) ने आशंका जताई थी कि मरयम नवाज देश छोड़ सकती हैं। न्यायाधीशों की ओर से एक के बाद एक खुद को अलग करने के कारण याचिका पर सुनवाई के लिए कम से कम चार पीठों के गठन के बाद मरियम ने याचिका वापस ले ली है। बुधवार को एक विशेष खंड पीठ से उनके वकील ने कहा कि हम याचिका वापस लेना चाहते हैं।

यूक्रेन पर रूसी हमले का **63 वां दिन**



# रूस-यूक्रेन जंग यूएस-रूस में छद्म युद्ध नहीं

## अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा

**वाशिंगटन,(एजेंसी)।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि वह नहीं मानते हैं कि यूक्रेन में जारी संघर्ष अमेरिका और रूस के बीच एक छद्म युद्ध है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने मंगलवार को कहा था कि चूंकि रूस ने फरवरी में अपना सैन्य अभियान शुरू किया था, इसलिए अमेरिका ने यूक्रेन की रक्षा के लिए कम से कम 3.7 अरब डॉलर प्रदान किए हैं। वहीं कम से कम 30 अन्य देशों ने यूक्रेन को 1.3 अरब डॉलर की सहायता प्रदान की है।



ऑस्टिन ने मंगलवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में फॉक्स न्यूज से कहा, 'हम रूस के साथ लड़ाई में नहीं हैं। मौजूदा संघर्ष रूस और यूक्रेन के बीच है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि संघर्ष छद्म युद्ध में नहीं बदल रहा है। साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि क्या यूक्रेन में संघर्ष छद्म युद्ध में बदल सकता है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है, यह स्पष्ट रूप से यूक्रेन की लड़ाई है। यूक्रेन के पड़ोसी, सहयोगी और साझीदार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम बढ़ा रहे हैं कि उन्हें सफल होने के लिए क्या चाहिए।'

### संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन निकाय से हटा रूस

#### वोटिंग से पूर्व बड़ा फैसला

**मैड्रिड , (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस अब संयुतव राष्ट्र के पर्यटन निकाय से हट रहा है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने बुधवार को यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर रूस की सदस्यता को निलंबित करने के लिए होने वाली वोटिंग से एक दिन पूर्व यह जानकारी दी है। यूएनडब्ल्यूटीओ ने एक ट्वीट में कहा, रूस ने यूएनडब्ल्यूटीओ से हटने के अपने इरादे की घोषणा की है। रूस का निलंबन तुरंत प्रभावी है। यूएनडब्ल्यूटीओ ने रूस को निलंबित करने की बात कही थी। यूएनडब्ल्यूटीओ ने मार्च में घोषणा की थी कि वह यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस को निलंबित करना चाहता है।

### रूस ने नॉर्वे के तीन राजनयिकों को निर्वासित करेगा

**मॉस्को, (एजेंसी)।** रूस ने मॉस्को स्थित नॉर्वे दूतावास से तीन राजनायिकों को निकालने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में मंत्रालय ने नॉर्वे में रूसी दूतावास के कर्मियों को निष्कासित करने के ओस्लो के अनुचित निर्णय के साथ, नॉर्वे के अफसरों द्वारा कीव को सैन्य सहायता के प्रावधान के संबंध में विरोध व्यक्त करने के लिए नॉर्वे के राजदूत रूण रेसालैंड को तलब किया।

## एक नजर

### हिमाचल में वेतन, भत्तों पर आयकर लागू होगा

**शिमला, (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में चालू वित्त वर्ष से प्रदेश के कतिपय प्रवर्गों के वेतन और भत्तों पर आयकर का संदाय अध्यादेश, 2022 को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की। अब मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विधायक व्यक्तिगत रूप से आयकर भरेंगे। ऐसा निर्णय मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसके अलावा बैठक में हिमाचल पथ परिवहन निगम को मृत्यु एवं सेवानिवृति ग्रेच्यूटी तथा सेवानिवृत अवकाश नगदीकरण की लम्बित देनदारियों के भुगतान के लिए बैंकों से 110 करोड़ का ऋण लेने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गारंटी प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

### मणिपुर में दो उग्रवादियों को किया गया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को सेना के जवानों और राज्य की पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया।

असम राइफल्स के अधिकारी की संयुक्त टीम ने पूर्वी इंफाल से एक पीएलए के सदस्य और बिष्णुपुर से एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया। विशेष सूचना के आधार पर, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया।

जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों उग्रवादियों को आगे की जांच के लिए सगोलमांग और मोइरंग थानों को सौंप दिया गया है।

### मोदी नगालैंड होते हुए

**कोहिमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नागालैंड से होते हुए लोरिंगथेपी के रास्ते पड़ोसी राज्य असम के कार्बी आंगलोंग जिले का दौरा करेंगे। नागालैंड में हालांकि, प्रधानमंत्री का कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री मोदी 28 अप्रैल को डिब्रूगढ़ में पहले पड़ाव में यहां असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में कैंसर देखभाल केंद्र का उद्घाटन करेंगे और असम में सात और कैंसर अस्पतालों की नींव रखेंगे। इसके बाद वह कार्बी आंगलोंग के लोरिंगथेपी जाएंगे जहां वह 'एकता, शांति और विकास रैली' को संबोधित करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में वह दीफू में पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में डिग्री कॉलेज और कोलोंगा में कृषि महाविद्यालय की नींव रखेंगे। सूत्रों ने बताया कि नागालैंड के मुख्यमंत्री और राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता दीमापुर में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री से मिल सकते हैं।

### उत्तराखंड में फिर फैल रहा कोरोना, कड़ाई शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में अब कोविड-19 की चौथी लहर का प्रकोप शुरू हो गया है। बुधवार को यहाँ 24 नये संक्रमितों में सबसे ज्यादा 18 देहरादून में मिलने के बाद प्रशासन ने मास्क न लगाने वालों और सार्वजनिक थूकने की बंदिशें कड़ाई से लागू कर दीं। स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा बुधवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, राज्य में 24 नये कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिससे प्रभावित लोगों का आंकड़ा 92352 पहुंच गया। यह अलग बात है कि कुल 88775 व्यक्ति स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में यहां 80 सक्रिय रोगी हैं। आज देहरादून जनपद में 18, नैनीताल में तीन, चमोली में दो और पौड़ी जनपद में मात्र एक कोरोना संक्रमित मिला है।

उधर, देहरादून में संक्रमण के बढते मामलो के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने सम्पूर्ण जनपद में घर के बाहर सार्वजनिक स्थानों पर पूर्व की भांति मास्क, गमछा, रूमाल या दुपट्टा/स्कार्फ पहनना अनिवार्य होने

# सिक्स सिग्मा केदारनाथ में तैनात 130 डॉक्टर करेंगे यात्रियों की सेवा




देहरादून। फिर निकल चली है सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम। केदारनाथ धाम में 'महादेव' के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं को देगी स्वास्थ्य सेवाएं। शिव भक्तों को दवा के साथ भरेगी जोश। पहाड़ी इलाकों में मेडिकल सेवा देने के विशेषज्ञ है जांबाज।

सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस टीम के केदारनाथ धाम में मेडिकल सर्विस देने के लिए जाने वाले पहले बैच को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पयर्टन राज्य मंत्री श्री श्रीपद नायक ने कहा, उच्च पर्वतीय इलाकों में मेडिकल सर्विस देने के लिए डॉ. प्रदीप भारद्वाज, डॉ. अनीता भारद्वाज और सिक्स सिग्मा हाई ऐल्ट्टियूड मेडिकल सर्विस टीम बधाई के पात्र है, जो विकट परिस्थितियों में धार्मिक यात्राओं पर आने वाले श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का कार्य करती है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, किसी भी परिस्थिति में असंभव को संभव करने को सिक्स सिग्मा कहते हैं। सिक्स सिग्मा हाई एल्टि्यूड मेडिकल सर्विस का कार्य अतुल्नीय और सराहनीय है।



सिक्स सिग्मा हाई ऐल्ट्टियूड मेडिकल सर्विस के मेडिकल निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने केन्द्रीय पयर्टन राज्य मंत्री को बताया कि सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर देश की एकमात्र ऐसी संस्था है जो हाई ऐल्ट्टियूड में फ्री मेडिकल सर्विस देती है और किसी से भी किसी प्रकार का कोई डोनेशन नहीं लेती है। उन्होंने कहा कि सिक्स सिग्मा हाई ऐल्ट्टियूड मेडिकल सेवा का पंच मूलमंत्र एकदम साफ है, जो कितनी भी ऊंचाई, किसी भी स्थान पर, हर समय, किसी भी मौसम में और किसी भी पहाड़ पर व नाम, नमे, निशान, इज्जत और वफादारी के साथ सेवा देने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि इस बार मेडिकल टीम यात्रा के दौरान ज्यादातर पॉर्टेबल मेडिकल इक्यूपमेंट का इस्तेमाल करेगी, जिससे यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दी जा सके। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा के लिए हापरबॉनिक चैम्बर भी बनाया जाएगा और ईसीजी की भी सुविधा मिलेगी। इस बार यात्रा में मेडिकल सेवा देने के लिए सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की ओर से 130 से अधिक मेडिकल स्टाफ को लगाया जाएगा, जिसमें क्रीटिकल केयर, कार्डियो, रेसप्रेटरी और ओबशन/ गाइनी के विशेषज्ञ भी अपनी सेवाएं देगे। संस्था की ओर यात्रा के दौरान त्वरित संपर्क स्थापित करने के लिए सैटेलाइट फोन का उपयोग किया जाएगा।

सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के बोर्ड मेम्बर डॉ. कुलराज कपूर ने केन्द्रीय मंत्री ने सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल टीम को अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा, जिस कार्य को करने में बड़ी से बड़ी संस्थायें संकोच करती है। वही डॉ. प्रदीप भारद्वाज के नेतृत्व में सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम चारधाम यात्रा में उस कार्य को बड़ी सहजता से पूरा कर रही है।

केदारनाथ धाम में मेडिकल सर्विस देने के लिए जा रहे पहले बैच को शुभकामनायें देते हुए आशीष शर्मा ( उप निदेशक, सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर) ने कहा, 2013 से सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस श्री केदारनाथ धाम में स्वास्थ्य सेवायें दे रही है। संस्था ने अपने कार्य के बल पर नाम रौशन किया है। उन्होंने वॉलंटियर्स को आगाह करते हुए कहा कि अपनी पूरी तैयारी के साथ ही केदारनाथ जाए और जाने से पहले अपने सामान की चैकिंग जरूर करने की सलाह दी।

डॉ. भारद्वाज ने मेडिकल कैम्पों के विषय में बताया कि तृतीय केदार तुंगनाथ में सौविक चंद्र दत्ता मेडिकल शिविर संचालन का कार्यभार संभालेंगे। वहीं, द्वितीय केदार मद्महेश्वर में पैरामेडिकल स्टाफ के साथ संजीव कुमार और कैम्प का संचालन करेंगे, तो केदारनाथ धाम में मेडिकल सर्विस की कमान डॉ. दीपांशु कौशिक, डॉ. किरण मलिक के हाथों में होगी।

सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस के सीईओ डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने हाई ऑल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस के बारे में बताया कि मेडिकल टीम के साथ अब तक हिमालय क्षेत्र के कई दुर्गम स्थानों पर मेडिकल सेवाएं दे चुकी हैं। 2018 में सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम ने चारधाम यात्रा में श्री केदारनाथ धाम, श्री मद्महेश्वर धाम और हेमकुंड साहिब में 40,000 से अधिक श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं दी थी और मौसम की मार से असमय काल के ग्रास बनने वाले रोक लगाने में सफलता पाई। मेडिकल टीम विभिन्न हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल कैम्पों में अब तक 68,790 पीड़ितों को प्राथमिक चिकित्सा और 6,800 लोगों को आकसमिक सेवा प्रदान करा चुकी है। उन्होंने बताया कि सिक्स सिग्मा की मेडिकल टीम ने कैलाश मानसरोवर यात्रा में डोल्मा पास-19500 फीट की ऊंचाई पर 1120 पीड़ितों को चिकित्सा सहायता देकर उनकी जान बचाई थी। 2015 में नेपाल में आए भीषण विनाशकारी भूकंप में गोरखा जिले में सिक्स सिग्मा हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल रेस्क्यू टीम के साथ सबसे पहले पहुंचकर आपदा से पीड़ित 1700 से अधिक लोगों की सहायता की थी। इसके अलावा 2014 में श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान 11,290 श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवा देकर उनको नवजीवन प्रदान किया था। वहीं 2008-2018 तक श्री मणिमेहश यात्रा (जिला-चम्बा, भरमौर, हिमाचल प्रदेश) में 24,000 यात्रियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई थी।

केदारनाथ धाम मेडिकल सर्विस अभियान के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. प्रदीप भारद्वाज, डॉ. अनीता भारद्वाज, आशीष शर्मा, भारत शर्मा, सिद्धांत शर्मा, बलदेव बत्रा, सौविक चन्द्र दत्ता, तुषार सिंह, कर्नल ए. पी. तंवर, डॉ. शीतल, डॉ. भगवत नारायण राजपूत, डॉ. रिचा अग्रवाल आदि मणमान्य मौजूद रहे।

# प्रयागराज के धूमनगंज में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज ,(ब्यूरो)।** ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा, जबकि पुलिस प्रशासन लगातार चौकसी बरत रही है। अभी हाल ही मे एक परिवार के पांच सदस्यों के हत्या के प्रकरण में पुलिस किसी निष्कर्ष पर नही पहुँच पाई। बुधवार को प्रयागराज के शहरी क्षेत्र के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मीरापट्टी इलाके मे बुधवार को दो लोग को गोली मार दी। हमलावर फरार हो गए। घायलों को तुरंत स्वरूपरानी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

सूचना के बाद पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच पड़ताल जारी है । बताया जा रहा है की कसारी मसारी निवासी यासीर और सुल्तान मीरापट्टी निवासी प्रॉपर्टी डीलकर दीपक विश्वकर्मा के घर आए थे। जहां विवाद के बाद उन्हें गोली मार दी गई। जागृति विहार के पास 900 स्क्वायर फीट जमीन है। इसी जमीन को लेकर विवाद था।पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपक विश्वकर्मा और दूसरे पक्ष से रसूल को पकड़ लिया है।

# हिजाब पर परिपत्र जारी करने पर साधा निशाना

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में एक सैनिक स्कूल द्वारा अपने कर्मचारियों से स्कूल संचालन के दौरान हिजाब पहनने से मना करने के बाद विवाद पैदा हो गया है।

इस मामले को लेकर केंद्र शासित प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने स्कूल द्वारा जारी परिपत्र पर सवाल उठाया है। पीडीपी प्रमुख एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर किसी अन्य राज्य की तरह नहीं है। वहीं, श्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कर्नाटक जैसा माहौल जम्मू-कश्मीर में लाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने ट्विटर पर डैगर परिवार स्कूल बारामूला द्वारा जारी परिपत्र की प्रति भी संलग्न की है।

सुश्री मुफ्ती ने ट्वीट किया कि मैं हिजाब को लेकर फरमान जारी करने वाले इस पत्र की निंदा करती हूं। जम्मू कश्मीर में भाजपा का शासन हो सकता है, लेकिन यह अन्य राज्यों की तरह नहीं है, जहां वे अल्पसंख्यकों के घरों को बुलडोज़र से गिराते हैं। उन्हें अपनी इच्छानुसार कपड़े पहनने की स्वतंत्रता नहीं देते हैं। हमारी लड़कियां चुनने का अधिकार नहीं छोड़ेंगी।

सख्ती

### पुलवामा मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, एक जवान घायल

# जम्मू कश्मीर पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

## पूरे क्षेत्र को सुरक्षाबलों ने संयुक्त ऑपरेशन में चारों ओर से घेरा

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी हैं।पुलिस ने बुधवा को यहां बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान पुलवामा के मित्रिगम इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब सुरक्षा बल संदिग्ध स्थान की घेराबंदी कर रहे थे तो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हुई, मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक घेराबंदी के बाद, जैश-ए-मोहम्मद के एक विदेशी सहित दो से तीन आतंकवादी इलाके में फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआती गोलाबारी के बाद नागरिकों को निकालने का अभियान रोक दिया गया था।पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि फंसे हुए आतंकवादियों को जल्द से जल्द मार गिराया जाएगा। कश्मीर में इस महीने यह 13वीं मुठभेड़ है, जिसमें 20 आतंकवादी मारे गए हैं। चार सुरक्षाकर्मी भी ड्यूटी के दौरान शहीद हो चुके हैं।



### कुलगाम में पंचायत प्रतिनिधियों को निशाना बनाने के मिले निर्देश

हिजबुल के सक्रिय आतंकी फारूक अहमद भट निवासी चेकी यारीपोरा को पाक हैंडलरों से निर्देश मिला था कि वह कुलगाम में पंचायत प्रतिनिधियों को निशाना बनाए। इसके आधार पर उसने आतंकी अब्दुल रहमान राथर निवासी अशमुजी को वारदात की जिम्मेदारी सौंपी। इसमें मददगार नसर अहमद वानी, आदिल मंजूर राथर व माजिद मो. राथर को भी साथ लेने की हिदायत दी गई। जांच में अन्य कुलपोरा निवासी इदरीस अहमद डार की भूमिका सामने आई। उसने आतंकी संगठन का दामन थाम लिया है। पुलिस ने बताया कि जिस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है वह 11 मार्च को हुई सरपंच मोहम्मद अब्दुल्लाह मीर की हत्या से जुड़े मॉड्यूल के भी संपर्क में था।

# असम में आज परियोजनाओं का पीएम करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को असम का दौरा करेंगे और कई सौ करोड़ की कुछ विकास परियोजनाओं की नींव रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। असम सरकार ने प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर डिब्रूगढ़ और कार्बी आंगलोंग जिलों के अधिकार क्षेत्र में गुरुवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

मोदी का दीमापुर (नागालैंड) हवाईअड्डे पर पहुंचने का कार्यक्रम है और वहां से वह हेलीकॉप्टर से असम के कार्बी आंगलोंग जिले के दीफू जाएंगे और लोरिंगथेपी में एकता, शांति और विकास रैली को संबोधित करेंगे और 500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की नींव रखेंगे।इसके बाद प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ के लिए उड़ान भरेंगे, जहां वह असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डिब्रूगढ़ कैंसर केंद्र का उद्घाटन करेंगे। डिब्रूगढ़ से प्रधानमंत्री सात कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन करेंगे और पूरे असम में सात और कैंसर अस्पतालों की नींव रखेंगे।

टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन टाटा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और रामेश्वर तेली, राज्य के राज्यपाल जगदीश मुखी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा सहित अन्य लोग भी डिब्रूगढ़ में इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।





# फायर इंजीनियरिंग में ऐसे करें करियर की शुरूवात

आग लगने पर उसे बुझाने के लिए ऐसा आदमी या ऐसी टीम चाहिए जो आग की किस्म, आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके, आग बुझाने के सामान और आग में घिरे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का हुनर रखती हो। जाहिर है यह ऐसी जानकारी नहीं जिसे यूं ही पूछ कर या पढ़ कर जान लिया जाए। इसकी पढ़ाई भी होती है और इसका प्रशिक्षण भी दिया जाता है। एक गुण ऐसा है जिसके बिना यह पढ़ाई और प्रशिक्षण काम नहीं आ पाएगा-वह है साहस और सूझबूझ का सही मिश्रण। इस क्षेत्र में फायरमैन से लेकर चीफ फायर अफसर तक बन सकते हैं। जो लोग आग से उपजी चुनौतियों का सामना करते हुए करियर की बुलंदी तक पहुंचना चाहते हैं वे डिप्लोमा से लेकर बी.ई. (फायर) की डिग्री प्राप्त कर निम्न पदों तक पहुंच सकते हैं।..

**फायरमैनः** वह व्यक्ति जो सीधे-सीधे आग से जूझता है। फायरमैन की टीम हर फायर स्टेशन में तैनात होती है।

**लीडिंग फायरमैनः** फायरमैन के बाद विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर लीडिंग फायरमैन बन सकते हैं।

**सब-अफसरः** किसी भी फायर टैंडर का लीडर सब-अफसर होता है जिसकी कमान में फायरमैन और लीडिंग फायरमैन होते हैं। यह परिस्थिति का आकलन कर अपनी टीम का मार्गदर्शन करता है कि किस प्रकार से कम से कम नुक्सान सहते हुए आग को बुझाया जा सके।

स्टेशन अफसरः किसी भी फायर स्टेशन का प्रमुख स्टेशन अफसर होता है जो न सिर्फ फायर स्टेशन की टीम को लीड करता है बल्कि पूरी जानकारी रखता है कि उसकी जिम्मेदारी के दायरे में आने वाले इलाके में किस तरह की इमारतें, फैक्ट्रियां या रिहायशी इलाका है जहां आग लग सकती है।

**असिस्टैंट डिवीजनल अफसरः** पूरे राज्य को अलग-अलग डिवीजनों में बांटा जाता है और हर डिवीजन की जिम्मेदारी असिस्टैंट डिवीजनल अफसर की होती है जो कार्य और इलाके के हिसाब से कई हो सकते हैं। इलाके में बनने वाली इमारतों में आग बुझाने के इंतजाम सही हैं या नहीं, यह देखने-सुनने की जिम्मेदारी इन्हीं की होती है।

**डिवीजनल अफसरः** डिवीजनल अफसर की जिम्मेदारी भी वही होती है जो असिस्टैंट डिवीजनल अफसर की होती है और तीन असिस्टैंट डिवीजनल अफसर पर एक डिवीजनल अफसर होता है।

**डिप्टी चीफ फायर अफसरः** पूरे फायर डिपार्टमैंट के समन्वय, कार्य, क्षेत्र विभाजन व अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ यह सुनिश्चित करना कि पूरा फायर डिपार्टमैंट हर परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम है, डिप्टी चीफ फायर अफसर जैसा अधिकारी ही देखता है।



**चीफ फायर अफसरः** चीफ फायर अफसर पूरे फायर डिपार्टमैंट का बॉस होता है जिसकी निगरानी, निर्देश, समन्वय और प्रेरणा से विभाग चलता है। पूरे राज्य में आग लगने की घटनाएं कम से कम हों और आग लगने पर उससे किस तरह पूरी तैयारी के साथ निपटना है, चीफ फायर अफसर की लीडरशिप तय करती है।

**बेहद चुनौतीपूर्ण है यह क्षेत्रः-** जाहिर है इस क्षेत्र में करियर निखर सकता है लेकिन इस करियर को चुनने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहना जरूरी है। किसी भी आपात स्थिति में बड़े ही धैर्य और सूझ-बूझ से काम करना यदि आता है तो इस ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। यह बताना जरूरी है कि आग कितना नुक्सान कर सकती है। गत कुछ महीनों में आग लगने की ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनमें न सिर्फ लाखों का नुक्सान हुआ है बल्कि बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हुई है। कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में लगी आग अभी लोगों की याद्दाश्त में बुझी नहीं जिसमें 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा नई दिल्ली एयरपोर्ट के कार्गो डिवीजन में लगी आग ने लाखों का नुक्सान कर दिया था। दिल्ली के मुनिरका के सी.एन.जी. स्टेशन में लगी आग ने 5 लोगों को मौत की नींद सुला दिया। कहने का तात्पर्य है कि करियर का चुनाव करने से पहले खुद को इस बात के लिए तैयार करना जरूरी है कि चुनौतियों की लपटें बड़ी ऊंची हैं।

**कार्य का स्वरूपः-** फायर डिपार्टमैंट से जुड़ना एक कामयाब करियर के साथ साथ जनसेवा भी है। फायर फाइटर्स का मुख्य काम आग लगने के कारणों का पता लगाना और उसे रोकने के उपायों का विशलेषण करना होता है। फायर फाइटिंग सिविल, इलैक्ट्रीकल, एनवायरनमैंटल इंजीनिरिंग से जुड़ा क्षेत्र है। मसलन आग बुझाने के यंत्रों की तकनीकी जानकारी, स्प्रिंक्लर सिस्टम, अलार्म, पानी की बौछार का सबसे सटीक इस्तेमाल, कम से कम समय और कम से कम संसाधनों में ज्यादा से ज्यादा जान-माल की रक्षा करना उसका उद्देश्य होता है।

**शैक्षणिक योग्यताः-** डिप्लोमा या डिग्री में दाखिले के लिए कैमिस्ट्री, फिजिक्स या गणित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना अनिवार्य है। कुछ पदों के लिए बी.ई. (फायर) डिग्री अनिवार्य है। इसमें प्रवेश के लिए ऑल इंडिया एंट्रैंस एग्जाम होता है।

**शारीरिक योग्यताः-** शैक्षणिक योग्यता के साथ इस फील्ड में करियर बनाने के लिए शारीरिक योग्यता भी देखी जाती है। पुरुषों के लिए न्यूनतम लंबाई 165 सैंटीमीटर, वजन 50 कि.ग्रा., वहीं महिलाएं कम से 157 सैंटीमीटर लंबी हों, वजन कम से कम 46 कि.ग्रा. हो। नजरें दोनों के लिए 6ध्6 होनी चाहिएं और उम्र 19 से 23 वर्ष के भीतर हो।

**कौशलः-** इस फील्ड के लिए जितनी जरूरत डिग्री की है, उससे ज्यादा जरूरत कुछ व्यक्तिगत योग्यताओं की भी है। आग बारूद से भरे कारखानों में लग सकती है और कैमिकल फैक्टरी में भी, घनी आबादी वाले इलाकों व जंगलों में। ऐसे में साहस, धैर्य के साथ लीडरशिप क्वालिटी, तेजी से फैसले लेने की क्षमता जरूरी है।

**विभिन्न कोर्सः-** डिप्लोमा इन फायर एंड सेफ्टी, पीजी. डिप्लोमा इन फायर एंड सेफ्टी, बीएससी. इन फायर इंजीनियरिंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन फायर फाइटिंग, फायर टैक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रीयल सेफ्टी मैनेजमैंट, इंडस्ट्रीयल सेफ्टी सुपरवाइजर, रैसक्यू एंड फायर फाइटिंग जैसे कोर्स शामिल हैं। इनकी अवधि 6 महीने से लेकर 3 वर्ष तक है। कोर्स के दौरान आग बुझाने की तकनीकी जानकारी से लेकर जान-माल के बचाव के साइंटिफिक फॉमूर्ले की जानकारी दी जाती है जैसे आग पर काबू पाने, खतरों से खेलने, उपकरणों का प्रयोग कैसे किया जाए आदि के गुण सिखाए जाते हैं।

**अवसरः-** दिल्ली इंस्टीच्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग के निदेशक वीरेंद्र गर्ग के मुताबिक इस फील्ड में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। पहले केवल महानगरों में फायर स्टेशन होते थे, आज हर जिले में फायर स्टेशन हैं। इसके अलावा आज हर सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में एक फायर इंजीनियर की नियुक्ति भी अनिवार्य कर दी गई है। फायर इंजीनियर की जरूरत अग्निशमन विभाग के अलावा आर्किटैक्चर और बिल्डिंग निर्माण, इंश्योरैंस एसैसमैंट, प्रोजैक्ट मैनेजमैंट, रिफाइनरी, गैस फैक्ट्री, निर्माण उद्योग, प्लास्टिक, एल.पी.जी. तथा कैमिकल प्लांट, बहुमंजिली इमारतों व एयरपोर्ट हर जगह इनकी खासी मांग है।

**प्रमुख संस्थानः-**

-इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, खडगपुर, पश्चिम बंगाल

-राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, पालम रोड, नागपुर, महाराष्ट्र

-दिल्ली इंस्टीच्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग, नई दिल्ली



# छुट्टी के दिन कुछ इस ढंग से करें घर की साफ सफाई

कामकाजी महिलाओं के लिए हर रोज घर की साफ-सफाई अच्छे ढंग से करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में सारे घर की सफाई आप छुट्टी वाले दिन करके अपने घर को चमका सकती हैं। घर के फर्श, दीवारों, टाइल्स, सीढ़ियों तथा उनकी रेलिंग या फर्नीचर की यदि लंबे समय तक सफाई न की जाए तो उन पर पड़े दाग-धब्बे उनकी चमक को धुंधला कर देते हैं। इस लिए जरूरत है कि सप्ताह में एक बार इनकी अच्छी तरह से सफाई करनी चाहिए।

### खिड़कियां और दरवाजे

घर में सबसे पहले इन्हें साफ करें, क्योंकि यहां धूल-मिट्टी भी बहुत जमा होती है। अगर दरवाजे लकड़ी के हैं तो उन्हें सूखे कपड़े से साफ करें और खिड़कियों के शीशे को पेपर से साफ करें।मुख्य दरवाजे के पास जूता, चप्पल, पुराने अखबार या अन्य रद्दी का सामान बिल्कुल न रखें।

### लिविंग रूम

फर्नीचर को सर्फ की झाग से साफ कर सूखे कपड़े से पोंछ दें। अच्छे से डस्टिंग करें। शो-पीस एवं वास इत्यादि को अच्छे से साफ करें, ताकि कमरा चमकता हुआ लगे।

### फ्लोर

घर के फ्लोर को बेकिंग सोडा या फिर नींबू का रस मिले हुए पानी और स्पंज से साफ करें। आप चाहें तो कुछ बूंदें व्हाइट विनेगर की भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे टाइल्स वाला फ्लोर बिल्कुल चमक उठेगा।

### बाथरूम

बाथरूम में कीड़े-मकौड़े और कॉक्रोच को मारने के लिए सबसे पहले कीटनाशक स्प्रे का प्रयोग करें। टॉयलैट सीट को भी क्लीनर डाल कर कुछ देर छोड़ दें और फिर उसे साफ करें। बाथरूम की टाइल्स पर से फफूंदी निकालने के लिए उन्हें हाइड्रोजन पैरोक्साइड से साफ करें। इसे सीधा फफूंदी पर डालें, ताकि वह थोड़ी सी नर्म हो जाए और फिर उसे किसी साफ कपड़े के साथ पोंछ दें।

### किचन

किचन के सारे डिब्बों को सप्ताह में एक बार गीले कपड़े से साफ करें तथा माह में एक बार अवश्य धो दें। शैल्फ एवं खिड़कियों को साफ कर सिंक को बेकिंग सोडा एवं सिरका से साफ करें तथा फ्लोर को अच्छे से धो लें। एक डब्बे में बेकिंग सोडा डाल कर उसे फ्रिज में रख दें, जिससे उसमें रखी चीजों में ताजगी बनी रहे। इसी तरह कुकिंग रेंज, माइक्रोवेव अवन एवं चिमनी आदि पर भी बेकिंग सोडा मिले पानी में भीगे कपड़े को मलने से इन की गंदगी से छुटकारा पाया जा सकता है।

### बैडरूम

बैडरूम में ताजगी लाने के लिए सारी खिड़कियों को छुट्टी वाले दिन खोल दें, ताकि ताजी हवा भी अंदर आ सके। कंबल पर थोड़ा-सा बेकिंग सोडा बुरक कर उसे जोर-जोर से झाड़ दें, इससे उस में से आने वाली बदबू भी दूर हो जाएगी। एयर फैशनर जब घर साफ हो जाए तब एयर फ्रैशनर छिड़कना न भूलें, ताकि घर में आपको खुशबू एवं ताजगी का अहसास हो।



# अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर राशिद ने दिलाई करिश्माई जीत

## गुजरात ने अंतिम ओवर में चार छक्के जड़े, पांच विकेट से जीत के साथ टॉप पर पहुंचा



**मुंबई (एजेंसी)।** राशिद खान और राहुल तेवतिया के तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल-15 के 40वें मुकाबले में 5 विकेट से हराकर अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच उमरान मलिक की घातक गेंदबाजी पर पानी फेरते हुए राशिद खान और राहुल तेवतिया ने मिलकर आखिरी ओवर में जरूरी 25 रन बना दिए। अंतिम गेंद पर जीत के लिए तीन रन चाहिए थे, लेकिन राशिद खान ने मार्को यानसन की बॉल पर छक्का उड़ा दिया। राहुल तेवतिया और राशिद खान के बीच 24 गेंद में 59 रन की मैच विजयी साझेदारी हुई। लगातार पांच मैच जीतते आ रही सनराइजर्स हैदराबाद का विजयी रथ इस तरह थमेगा किसी ने नहीं सोचा था। मैच से पूरी तरह बाहर नजर आ रही गुजरात टाइटंस ने 195 रन के लक्ष्य के जवाब में 199 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। गुजरात की ओर से ऋधिमान साहा ने सर्वाधिक 38 गेंद में 68 रन बनाए जबकि अंत में राहुल तेवतिया ने 21 गेंद में नाबाद 40 और गेंदबाजी में महंगे साबित हुए राशिद खान ने 11 गेंद में ताबड़तोड़ 31 रन जड़ दिए। उमरान मालिक ने पांच विकेट हासिल किए।

### आईपीएल 2022 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 07 | 01 | 14 | 0. 371 |
| राजस्थान | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.561 |
| हैदराबाद | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.600 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.334 |
| बेंगलुरु | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.572 |
| पंजाब | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.419 |
| दिल्ली | 07 | 03 | 04 | 06 | 0.715 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.080 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.538 |
| मुंबई | 08 | 00 | 08 | 00 | -1.000 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| बटलर | राजस्थान | 499 |
| केएल राहुल | लखनऊ | 368 |
| हार्दिक पंड्या | गुजरात | 305 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल | राजस्थान | 18 |
| उमरान मलिक | हैदराबाद | 15 |
| नटराजन | हैदराबाद | 15 |

### हैदराबाद के लिए अभिषेक व मारक्रम ने जड़े अर्धशतक

ओपनर अभिषेक शर्मा (65) और एडन मारक्रम (56) के शानदार अर्धशतकों तथा शशांक सिंह की नाबाद 25 रन की पारी से हैदराबाद 195 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और 44 रन तक हैदराबाद के दो विकेट गिरा दिए। कप्तान केन विलियम्सन पांच और राहुल त्रिपाठी 16 रन बनाकर मोहम्मद शमी की गेंदों पर आउट हुए। इसके बाद अभिषेक और मारक्रम ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन की शानदार साझेदारी की। शशांक ने मात्र 14 गेंदों पर नाबाद 25 रन में एक चौका और तीन छक्के मारे और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात की तरफ से शमी ने 39 रन देकर तीन विकेट हासिल किये।

**स्पिनर शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि देगा राजस्थान रॉयल्स:** आईपीएल की पहली चैंपियन राजस्थान रॉयल्स शनिवार को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ होने वाले लीग के 15वें सीजन के 44वें मैच में ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि देगी। वार्न का कुछ समय पहले निधन हो गया था। वॉर्न की कप्तानी में ही राजस्थान रॉयल्स ने 2008 में आईपीएल खिताब जीता था। रॉयल्स ने कहा कि वे 14 साल पहले अपनी टीम की खिताबी जीत की वर्षगांठ के मौके पर अपने पहले कप्तान को श्रद्धांजलि देंगे।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो. जोसेफ | 65 | 42 | 6/3 |
| केन विलियमसन बो. शमी | 05 | 08 | 1/0 |
| राहुल त्रिपाठी पगबाधा शमी | 16 | 10 | 2/1 |
| मारक्रम कै. मिलर बो. दयाल | 56 | 40 | 2/3 |
| निकोलस पूरन कै. गिल बो. शमी | 03 | 05 | 0/0 |
| वॉशिंगटन सुंदर रन आउट | 03 | 04 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 25 | 06 | 1/3 |
| मार्को यानसन नाबाद | 08 | 05 | 0/1 |

**अतिरिक्त: 14, कुल:** 20 ओवर में छह विकेट पर 195 रन **विकेट पतन:** 1-26, 2-44, 3-140,4-147, 5-161, 6-162 **गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 4-0-39-3, यश दयाल 4-0-24-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-35-1, राशिद खान 4-0-45-0, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-52-0,

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो. उमरान मलिक | 68 | 38 | 11/1 |
| शुभमन गिल बो. उमरान मलिक | 22 | 24 | 1/1 |
| हार्दिक पांड्या कै. मार्को बो. उमरान | 10 | 06 | 2/0 |
| डेविड मिलर बो. उमरान | 17 | 19 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 40 | 21 | 4/2 |
| अभिनव मनोहर बो. उमरान | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद खान नाबाद | 31 | 11 | 0/4 |

**अतिरिक्त: 11, कुल:** 20 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन **विकेट पतन:** 1-69, 2-85, 3-122, 4-139, 5-140, **गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-33-0, मार्को यानसन 4-0-63-0, टी नटराजन 4-0-43-0, वॉशिंगटन सुंदर 4-0-34-0, उमरान मलिक 4-0-25-5,

## विराट के खराब फॉर्म पर रवि शास्त्री ने कहा

# कोहली को आईपीएल से ब्रेक लेने और संतुलन खींचने की जरूरत



**मुंबई।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने खराब दौर से गुजर रहे पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को आईपीएल से हट जाने की सलाह दी है। इस सीजन में खेली गई नौ आईपीएल पारियों में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज कोहली 16 की औसत से 128 रन ही बना पाए हैं।

आईपीएल 2022 में कम स्कोर की स्ट्रिंग में दो बैक-टू-बैक गोल्डन डक भी शामिल हैं। शास्त्री ने विराट को आईपीएल में उनके हालिया खराब प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, सुझाव दिया है कि दाएं हाथ के बल्लेबाज को टी-20 टूर्नामेंट से ब्रेक लेने और संतुलन खींचने की जरूरत है। शास्त्री ने कहा, उनके (विराट कोहली) के लिए एक ब्रेक आदर्श है क्योंकि उन्होंने नॉन-स्टॉप क्रिकेट खेला है और उन्होंने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी की है। ब्रेक लेना उनके लिए समझदारी होगी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा आप जानते हैं, कभी-कभी आपको संतुलन बनाना पड़ता है। इस साल वह पहले से ही टूर्नामेंट (आईपीएल 2022) में है, कल अगर धक्का लगता है और आप अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को लंबा करना चाहते हैं और 6-7 साल के लिए वहां अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, आईपीएल से हट जाओ, आप सभी की परवाह है। सिर्फ आईपीएल ही नहीं, भारत के लिए कोहली भी हाल में शानदार फॉर्म में नहीं रहे हैं। 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट मैच में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने के साथ ही तीन अंकों के निशान ने उन्हें बाहर कर दिया। शास्त्री ने उल्लेख किया कि विराट कोहली के पास अभी भी बहुत सारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बाकी हैं और इस खराब पैच को उन्हें ड्रॉइंग बोर्ड में वापस धकेलना चाहिए। उन्होंने कहा, विराट अभी युवा हैं और उनके पास 5-6 साल आगे हैं। उन्हें एहसास हो गया होगा कि इन पिछले कुछ महीनों में उन्होंने क्या किया है। उन्हें पता है कि उन्हें ड्रॉइंग बोर्ड में वापस जाना है, वह कैसे सोचते हैं, कैसे वह पास आता है और उसे सचमुच खरोंच से शुरुआत करनी होती है।

### पिछली पांच पारियों में दो बार शून्य पर हुए आउट

विराट कोहली दुनिया के सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबालों में से एक हैं। लेकिन आईपीएल में उनका पिछला पांच स्कोर 9, 0, 0, 12 और 1 का रहा है। हालांकि ऐसा कई खिलाड़ियों के साथ हो चुका है, जो बुरे फॉर्म से उबरकर इस समय सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। केएल राहुल 2020-21 में 0, 1, 0, 0 और 14 के स्कोर के साथ खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, वहीं निकोलस पूरन का भी स्कोर पिछले आईपीएल सीजन में 0, 0, 0, 0, 9, 0, 19, 0 और 32 का था। इस सीजन केएल राहुल सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दो शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं, वहीं निकोलस पूरन भी 56 के बेहतरीन औसत से रन बना रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में कोहली सलामी बल्लेबाज के तौर पर आए। उन्होंने दो चौके लगाए लेकिन दोनों में आत्मविश्वास की कमी दिखी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में कोहली को दुनिया के सबसे व्यस्ततम इंसानों में जाना जाता है। टीम के लिए जैसे वह किसी विश्व स्तरीय नेता के समान हैं। अगर आपको उनसे थोड़ी देर के लिए भी बात करनी है तो आपको स्पष्ट और संक्षिप्त होना होगा। ऐसा कहा जाता है कि 2018 के सीजन में कप्तान होने के बावजूद भी उन्होंने अपने टीम के एनालिस्ट से कभी बात नहीं की थी। हालांकि यह सीजन उनके लिए बहुत शानदार गया था और उन्होंने 48 के औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 530 रन बनाए थे।

## भारत और पाकिस्तान के बीच होगा एशिया कप हॉकी का महा-मुकाबला

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन भारत का सामना एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पहले मैच में 23 मई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। टूर्नामेंट 23 मई से एक जून तक खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान टूर्नामेंट के पहले दिन आखिरी मैच में एक दूसरे से खेलेंगे। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पूल ए में जापान, पाकिस्तान, इंडोनेशिया के साथ रखा गया है। पूल बी में मलेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश हैं। पाकिस्तान के बाद भारत 24 मई को जापान से खेलेगा।

### आज का मुकाबला

शाम. 7:30 बजे

दिल्ली कैपिटल्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स

## चैंपियन्स लीग: सेमीफाइनल के पहले राउंड में जीता मैनचेस्टर सिटी

### हार के बावजूद रीयाल मैड्रिड की उम्मीदें कायम



**मैनचेस्टर।** करीम बेंजेमा ने अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर दागे गए गोल से चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले राउंड में मैनचेस्टर सिटी से हार के बावजूद रीयाल मैड्रिड की उम्मीदों को जिंदा रखा है। मैनचेस्टर सिटी ने एतिहाद स्टेडियम में खेले गए पहले राउंड के बेहद रोमांचक मैच में 4-3 से जीत दर्ज की।

मैनचेस्टर सिटी ने हालांकि आखिरी पलों में मौके गंवाए, जिसके कारण वह बड़े अंतर से जीत हासिल करने में नाकाम रहा। मैनचेस्टर सिटी ने दो मौकों पर दो गोल की बढ़त बनाई थी, लेकिन वह रीयाल मैड्रिड पर सेमीफाइनल के दूसरे राउंड से पहले बड़ी बढ़त नहीं बना पाया। रीयाल मैड्रिड अगले सप्ताह होने वाले दूसरे राउंड के मैच में वापसी करने की कोशिश करेगा। सिटी को केविन डि ब्रूएन (दूसरे मिनट) और गैब्रियल जीसस (11वें) ने शुरू में ही दो गोल की बढ़त दिला दी थी। उसकी तरफ से दूसरे हॉफ में फिल फोडेन (53वें) और बर्नांडो सिल्वा (74वें) ने गोल किए। रीयाल मैड्रिड के लिए बेंजेमा ने 33वें मिनट में पहला गोल किया और फिर उन्होंने 82वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। यह गोल बेंजेमा के इस सीजन का 41वां गोल था। इस बीच विनी जूनियर ने 55वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया। अब दोनों टीमें पांच मई को रियाल मेड्रिड के होम ग्राउंड में भिडेंगी। साल 2019-20 सीजन में सिटी ने रियाल को हराकर राउंड ऑफ 16 से बाहर किया था।

## स्वियातेक ने हाथ में सूजन के कारण मैड्रिड ओपन से वापिस लिया नाम

**मैड्रिड।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने हाथ में सूजन के कारण बुधवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। लगातार चार खिताब जीतने वाली स्वियातेक को इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता मिलने वाली थी। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने ट्वीट किया, मुझे अपने हाथ का ध्यान रखना होगा। मियामी ओपन के बाद से काफी थकान है और मैं इसे आराम नहीं दे सकी मुझे खेल से ब्रेक लेना होगा। स्वियातेक ने रविवार को स्टुटगार्ट ओपन जीता जबकि इससे पहले दोहा, इंडियन वेल्स और मियामी में खिताब जीत चुकी हैं। वह पिछले 23 मैचों से हारी नहीं है।

# पंत को टेस्ट कप्तानी के लिए तैयार किया जाना चाहिए: युवराज



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह का मानना है कि ऋषभ पंत को भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया जाना चाहिए, ताकि वह भविष्य में नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार हो सकें। बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पंत ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनका खेल हाल के समय में सबसे अधिक बेहतर हुआ है।

युवराज ने कहा, चयनकर्ताओं को पंत को भविष्य की भूमिका के लिए तैयार करना चाहिए। वह युवा हैं और भविष्य में वह कप्तान बनने की क्षमता रखते हैं। वह विकेटकीपर भी हैं, जिनकी नजर और दिमाग मैदान में सबसे अधिक चलती है, इसलिए वह इस भूमिका के लिए सबसे अधिक तैयार हैं। उन्हें जिम्मेदारी दीजिए और एक साल तक उनसे कुछ चमत्कार की उम्मीद मत कीजिए। मुझे पूरा विश्वास है कि पंत इस भरोसे का परिणाम देंगे। युवराज ने उन आलोचकों को भी खारिज किया जो पंत की परिपक्वता पर सवाल उठाते हैं। युवराज ने कहा, विराट को जब कप्तानी मिली तब वह परिपक्व नहीं थे, पंत तो समय के साथ-साथ परिपक्व होते जा रहे हैं। मुझे नहीं पता कि लोग कैसे सोचते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। उन्होंने बताया कि जब भी वह पंत से बात करते हैं तो वह ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट का उदाहरण देते हैं, जिनके नाम नंबर सात पर बल्लेबाज़ी करते हुए 17 टेस्ट शतक है। युवराज ने कहा कि पंत के नाम अभी से ही चार टेस्ट शतक हैं और वह दुनिया के सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर बल्लेबाज़ बनने की क्षमता रखते हैं।

# घर में आयोजन और चीफ कोच गायब

**ग्वालियर (खेल संवाददाता)।** ऐसा बहुत कम होता है कि कोई राष्ट्रीय आयोजन घर में हो रहा हो और उसका मुखिया गायब रहे, लेकिन ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में यही हो रहा है।

जहां, मप्र राज्य महिला हॉकी अकादमी भी संचालित है और इसके चीफ कोच परमजीत सिंह बरार हैं, जो यहां चल रही हॉकी इंडिया की सब जूनियर इंटर अकादमी वुमंस हॉकी प्रतियोगिता को छोड़कर बेंगलुरू में हैं। जबकि खेल परिसर में आयोजित टूर्नामेंट में मेजबान अकादमी की टीम भी हिस्सा ले रही हैं। अकादमी के चीफ कोच परमजीत सिंह बिना खेल विभाग की अनुमति के बेंगलुरू में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने गई जीवाजी यूनिवर्सिटी वुमंस टीम के कोच बनकर पहुंच गए। हालांकि सवाल यह भी है कि जीवाजी यूनिवर्सिटी ने किस नियम के तहत बाहरी व्यक्ति को कोच बना दिया। सबसे बड़ी बात तो यह है कि कोच ने अपनी टीम की चिंता किए बगैर बेंगलुरू जाना क्यों उचित समझा, जबकि वे वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के चीफ कोच हैं। उन्हें अपनी टीम की चिंता करते हुए ग्वालियर में रहना चाहिए था, लेकिन उन्होंने गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाया है। यहां बता दें कोच की लापरवाही की वजह से ही जीवाजी यूनिवर्सिटी की वुमंस टीम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में खेलने से वंचित रह गई है। यह सब कोच परमजीत और मैनेजर केके तिवारी के अव्यवहारिक रवैए के कारण हुआ। ोच के गायब होने पर यहां विभाग में कई तरह की चर्चायें हैं। अब देखना यह है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोच के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं।

### महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में चल रही स्पर्धा

## चोटिल मेहदी हसन श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर

**ढ़ाका।** ढाका प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल हुए बांग्लादेश के हरफनमौला खिलाड़ी मेहदी हसन श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। मेहदी के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने ऑफ स्पिनर नईम हसन को टीम में जगह दी है।मेहदी शेख जमाल धानमोंडी और प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मुकाबले में डीप में कैच लपकने के प्रयास में दाएं हाथ की उंगली में चोट लगा बैठे थे। वह मैदान में चोट से कराह रहे थे और बीच मैच में उन्हें मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। हालांकि बाद में जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पहले टेस्ट के लिए टीम का ऐलान किया तब मेहदी को टीम में जगह दी गई थी।मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदिन ने कहा था कि पहले टेस्ट से पहले मेहदी फिट हो जाएंगे लेकिन ढाका में कराए गए स्कैन के बाद उनकी चोट की गंभीरता का पता चला। मुशफिकुर रहीम भी उसी मुकाबले में चोटिल हो गए थे लेकिन वह अगले मुकाबले से पहले ही फिट हो गए। बांग्लादेश पहले ही तस्कीन अहमद के बिना खेल रही है। तस्कीन को दक्षिण अफ्रीका में कंधे पर चोट लग गई थी जिससे वह अब तक उबर नहीं पाए हैं। तस्कीन के बिना बांग्लादेश का तेज गेंदबाजी आक्रमण पहले ही कमजोर पड़ गया है और अब मेहदी की गैरमौजूदगी से बांग्लादेश के स्पिन अटैक पर भी असर पड़ेगा।पहला टेस्ट चटगांव में 15 मई से खेला जाएगा। श्रीलंकाई टीम 8 मई को ढाका पहुंचेगी जिसके बाद वह 11 और 12 मई को दो प्रैक्टिस मैच भी खेलेगी।

## सभी पहलवानों के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जन्म प्रमाणपत्र अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ ने कुछ कड़े फैसले लेते हुये सभी पहलवानों के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी के लिए जन्म प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया है। पटना में हुये अंडर -15 ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में लगभग 1000 से भी ज्यादा पहलवानों ने भाग लिया जिसमे भारतीय कुश्ती संघ ने कड़ा फैसला लेते हुए लगभग 150 से ज्यादा ओवर ऐज पहलवानों को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। इसके अतिरिक्त, रांची में सम्पन्न हुई अंडर-17 (कैडेट) राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी ओवर ऐज पहलवानों को बाहर किया है। पहलवानों के दस्तावेजो की जांच में पता चला कि पहलवान अपनी आयु घटाने के लिए दिल्ली राज्य का सहारा लेते है क्योकि दिल्ली में आसानी से जन्मप्रमाण पत्र ऑनलाइन मिल जाता है। नाम ना छापने की शर्त पर एक पहलवान ने स्वीकार किया कि उसने 2 साल उम्र घटाने के लिए दिल्ली से नया जन्मप्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त किया। जांच में कुश्ती संघ ने यह भी पाया कि जो पहलवान अपनी सही उम्र से भाग ले रहा है उसका जन्मप्रमाण पत्र भी उसके जन्म वर्ष का है जबकि जिस पहलवान ने अपनी उम्र में छेड़छाड़ की है वह अपना जन्म प्रमाणपत्र वर्तमान वर्ष का लेके आते है! उदाहरण के तौर पर जिस पहलवान का जन्मवर्ष 2004 है और अगर उसने अपने जन्मप्रमाण पत्र में छेड़छाड़ की है तो उसका जन्मप्रमाण पत्र 2020, 2021 या 2022 वर्ष में जारी किया होगा। यह भी पाया गया कि ज्यादातर हरियाणा के पहलवानों ने जिसने अपनी उम्र कम की है उसका जन्म प्रमाणपत्र दिल्ली का होता है ओर उस जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का वर्तमान वर्ष होता है। रांची में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी भारतीय कुश्ती संघ ने सभी पहलवानो के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की है तथा उन पहलवानो को हटा दिया है जिन्होंने अपनी उम्र घटाने के लिए दस्तावेजों में छेड़छाड़ की है।

## पंत मामले के बाद माहेला जयवर्धने ने की नियमों में बदलाव की मांग

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कोच और आईसीसी हाल ऑफ फेम माहेला जयवर्धने का मानना है कि तकनीक का बेहतर उपयोग करने के लिए वीडियो अंपायर और मैदानी अंपायरों के बीच अधिक से अधिक सूचनाओं का संचार होना चाहिए और इसके लिए अगर नियमों में कोई बदलाव होना हो, तो वह उसके भी पक्षधर हैं। जयवर्धने ने यह बयान पिछले हफ्ते दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए आईपीएल मैच में हुए नो बॉल विवाद के संबंध में दिया है।

# विराट एक बुरे दौर से गुजर रहे हैं: डुप्लेसी



**पुणे, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल में मिली 29 रन की हार के बाद कहा कि इस पिच पर असमतल उछाल थी। हमलोगों ने जो कैच ड्रॉप किया, उसके कारण हमने 25 रन एक्स्ट्रा दिए। डुप्लेसीने कहा,' हम कोशिश कर रहे हैं कि हमारा टॉप ऑर्डर बढ़िया प्रदर्शन करे। हमने टॉप ऑर्डर में बदलाव किया था लेकिन यह कारगर नहीं रहा। हमने पिछले मैच के बाद यह सोचा था कि विराट को मेरे साथ ओपन करना चाहिए। हालांकि अभी वह एक बुरे दौर से गुजर रहे हैं लेकिन यह तय है कि वह एक शानदार बल्लेबाज हैं और टीम के लिए जल्द ही बढ़िया प्रदर्शन करेंगे।'

# सिंधु, साइना और श्रीकांत ने दूसरे दौर में जगह बनाई

**मनीला।** ओलंपिक पदक विजेताओं पीवी सिंधु और कांस्य पदक साइना नेहवाल ने बुधवार को यहां बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं भारतीय युवा लक्ष्य सेन और बी साई प्रणीत हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को चीनी ताइपे की पाइ यू पो के खिलाफ काफी मशक्कत करनी पड़ी। चौथी वरीय भारतीय खिलाड़ी हालांकि महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद एक घंटा और 17 मिनट में 18-21 27-25 21-9 से जीत दर्ज करने में सफल रही। चोट के बाद वापसी कर रही लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने दक्षिण कोरिया की सिम यूजिन को कड़े मुकाबले में 21-15 17-21 21-13 से शिकस्त दी। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता लक्ष्य हालांकि चीन के गैरवरीय ली शी फेंग के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गए। पांचवें वरीय भारतीय खिलाड़ी को पुरुष एकल के 56 मिनट तक चले मुकाबले में फेंग के खिलाफ 21-12 10-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत को भी पहले दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ सीधे गेम में 17-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी।



### श्रीकांत ने मलेशिया के टीजे योंग एनजी को हराया

सातवें वरीय किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया के टीजे योंग एनजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 22-20 21-15 से हराया। वह अगले दौर में चीन के क्वालीफायर वेंग होंग येंग से भिड़ेंगे। आकर्षि कश्यप भी महिला एकल में जापान की शीर्ष वरीय अकाने यामागुची के खिलाफ 15-21 9-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। अश्विनी भट के और शिखा गौतम तथा सिमरन सिंघी और रितिका ढाकर की महिला युगल जोड़ी भी सीधे गेम में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अश्विनी और शिखा को अना चिंग यिक चियोंग और तियोह मेइ शिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सिमरन और रितिका को पियरी टेन और मुरलीथरन थिन्नाह की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी के खिलाफ 15-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# हमें पराग पर पूरा भरोसा था: सैमसन

**पुणे, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली २९ रन की जीत में अर्धशतक बनाने वाले रियान पराग की तारीफ करते हुए कहा,' हम लोगों को पराग पर पूरा भरोसा था कि वह बढ़िया पारी खेलेंगे। हमें लगा था कि 150-160 का स्कोर इस पिच पर एक बढ़िया स्कोर था। पराग की इस पारी के लिए हम काफी समय से इंतजार कर रहे थे।'

सैमसन ने कहा,'हालांकि जब ओस नहीं गिरा तो ऐसा लगा कि हम 10-15 रन पीछे हैं। हम लोंगो ने आपस में बात की थी कि जब आप 200 के स्कोर तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको जाकर सिर्फ.मारना होगा। हालांकि इस तरह की पिच पर बल्लेबाज अपना गियर अचानक से नहीं बदल सकते हैं। पिच में जब बढ़िया माहौल होता है तो आप इस तरह का प्रदर्शन करते हैं। जैसे करूण नायर को ज्यादा मौका नहीं मिला लेकिन जब आज मिचेल को टीम में शामिल करने की बात आई तो उन्होंने आराम से इस पर सहमति जताई।